तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 09.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

रिटायर कर्मी हमारे विशाल परिवार का हिस्सा : मिश्रा 10



स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा प्रशिक्षण 10





# प्री-बोर्ड परीक्षा खत्म, 21427 विद्यार्थियों की चार दिन में आंसरशीट की जांच बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

10वी-12वीं प्री बोर्ड परीक्षा समाप्त हो गई है। डीपीआई के निर्देश हैं कि चार दिन में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी कर लें और 21 या 22 जनवरी को परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएं। इस निर्देश से जिले के व्याख्याताओं में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन जल्दी करने का भारी दबाव आ गया है। व्याख्याताओं के लिए यह चुनौती बन गई है कि 21427 विद्यार्थियों ने दसवी व बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षा दी है। जिसमें दसवी के 11460 और बारहवीं के 9967 विद्यार्थी हैं। इनका मूल्यांकन समय में पूरा कैसे करना है।

## प्री बोर्ड के पहले की योजना पर परिणाम दिखेगा

### पांच साल के बोर्ड प्रश्नपत्रों को हल

जिला शिक्षा विभाग ने प्री बोर्ड परीक्षा के पहले की दसवी-बारहवीं का रिजल्ट सुधारने के लिए कार्य योजना संस्था प्रमुखों को दी थी। इस कार्ययोजना के हिसाब से पांच साल के बोर्ड में आने वाले प्रश्नपत्रों को हल करवाने कहा गया था।

### प्रश्न बैंक संस्था में भेजे गए

जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्री बोर्ड परीक्षा के पहले ही जिला शिक्षा विभाग ने प्रश्न बैंक तैयार करवाया था। यह प्रश्न बैंक बोर्ड के प्रश्नपत्र सेट करने वाले एक्सपर्ट व्याख्याता व सब्जेक्ट स्पेशलिस्ट टीचरों से बनवाया गया। जिसकी तैयारी करवाने की हिदायत संस्था प्रमुखों को मिली।

### हर सप्ताह टेस्ट लेने की योजना

जिला शिक्षा विभाग द्वारा दसवी और बारहवीं के विद्यार्थियों का भेजे गए प्रश्नपत्रों के आधार पर प्रति सप्ताह टेस्ट आयोजित करवाए गए। टेस्ट के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सब्जेक्ट टीचरों से करवाया गया। मूल्यांकन में जिन बच्चों की त्रुटिया सामने आई उसे दूर करना था।

### बच्चों को सीमित पाठ्यक्रम से तैयारी

जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों के कमजोर बच्चों को सिलेबस के हिसाब से सीमित पाठ्यक्रम तैयार करवाया। इस पाठ्यक्रमों के जरिए बच्चों का अध्यापन उन्ही टॉपिक पर फोकस किया गया। जिससे विद्यार्थी फेल न हो पाए। उत्तीर्ण होने से जिले का रिजल्ट सुधरेगा।

### मेधावी विद्यार्थियों के लिए वाट्सएप ग्रुप

जिला शिक्षा विभाग ने दसवी और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर एक वाट्सएप ग्रुप तैयार करवाया है। इस वाट्सएप ग्रुप में मेघावी छात्रों और सब्जेक्ट स्पेशलिस्टों को जोड़ा गया। विद्यार्थी अपने विषय के किसी टॉपिक से डाउट क्लियर करने के निर्देश मिले। जिससे ऐसे विद्यार्थी छत्तीसगढ़ बोर्ड के मेरिट में स्थान ले सके।

## जिला शिक्षा विभाग ने 21 जनवरी तक स्कूलों से मांगी रिपोर्ट

### सब्जेक्ट टीचर कर रहे हैं मूल्यांकन

दसवी-बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सब्जेक्ट टीचर से करवाया जा रहा है। जिस स्कूल के विद्यार्थी की उत्तर पुस्तिका है उसके नजदीक के स्कूल के सब्जेक्ट टीचरों को अदला-बदली कर मूल्यांकन करवाए जा रहे हैं। इससे मूल्यांकन में पारदर्शिता बनी रहेगी और अपने स्कूल के विद्यार्थी के साथ कोई लगाव या दूसरे स्कूल के विद्यार्थी के साथ भेदभाव वाली स्थिति नहीं बनेगी।




पूरे दिन मूल्यांकन से पसीने छूटे व्याख्याताओं के : दसवी बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के लिए समय कम है। इसलिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा व्याख्याताओं को पूरे दिन मूल्यांकन में लगा दिया गया है। व्याख्याता बताते हैं कि अवकाश के दिनों में भी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य कर रहे हैं। एसआईआर के कार्य में भी शिक्षकों को समय देना पड़ा है। प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम के आधार पर जिला शिक्षा विभाग आगे की रणनीति तय करेगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम संतोषजनक तो आए हैं लेकिन दुर्ग जिले को प्रदेश में एक मॉडल के रूप में विकसित करने की योजना बनी है। जिसकी वजह से दबाव अधिक है।

### फरवरी में मुख्य परीक्षा

"इस बार छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड की मुख्य परीक्षा फरवरी महीने में आयोजित की जा रही है। इसकी वजह से प्री बोर्ड परीक्षा के परिणाम जल्दी घोषित करने की हिदायत मिली है। हम 21 या 22 जनवरी को परिणाम घोषित करने की तैयारी कर रहे हैं।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

## खबर संक्षेप

### होटल व लॉज की जांच, संदिग्ध को लिया हिरासत में



**भिलाई।** होटल, लॉज व सार्वजनिक ठहराव स्थलों पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। दुर्ग पुलिस ने होटल न्यू इंडिया के कमरा नंबर 786 में रुके युवक की जांच की। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि जांच में एक युवक जानबूझकर अपनी पहचान छिपाते हुए दूसरे के आधार कार्ड पर होटल में रुका हुआ था। युवक बुलंदशहर यूपी का रहने वाला सुहेल चौधरी बताया गया है। वह मूल रूप से चौकी गंदा नाला, उपरकोट, थाना कोतवाली नगर बुलंदशहर का रहने वाला है। एएसपी ने बताया कि होटल, लॉज, धर्मशाला, अन्य ठहराव स्थलों में फर्जी पहचान पत्र के आधार पर कठोर वैधानिक कार्रवाई पुलिस करेगी। दूसरे के परिचय पत्र पर होटल में रुकना कानून अपराध है। होटल एवं लॉज संचालकों को हिदायत दिया गया है कि वे अतिथि पंजीकरण, पहचान दस्तावेजों की पूरी सतर्कता से जांच करें।

### मकान से जेवरात और नगदी पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मेला घूमने गए परिवार के मकान के आलमारी से नगदी समेत सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दुर्गा मंदिर नंदगईया पारा खुर्सीपार निवासी निर्मल अग्रवाल वेल्डर का काम करता है। 16 जनवरी को मकान में ताला जड़कर परिवार समेत उतई मेला घूमने गए हुए थे। दूसरे दिन वापस मकान में सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। कमरा में रखे आलमारी के ताला को खोलकर देखने पर सोना चांदी के सारे जेवरात गायब मिले। नगदी रकम 12 हजार भी गायब मिला, बंद आलमारी से अज्ञात ने सामान पार कर मौके से फरार हो गया। आसपास खोजबीन करने पर सामान नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। चोरी हुए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### बीआईटी में विभागीय परीक्षा का 27 जनवरी से

**दुर्ग।** सरकारी कर्मचारियों के पदोन्नत के लिए 27 जनवरी से 3 फरवरी तक विभागीय परीक्षा का आयोजन बीआईटी में आयोजित की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर दुर्ग हितेश पिस्दा को परीक्षा केन्द्र और प्रश्न पत्र प्रभारी बनाया गया है। कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग दुर्ग के सहायक संचालक केके शुक्ला को सहायक परीक्षा केन्द्र प्रभारी, नायब तहसीलदार दुर्ग ढाल सिंह बिसेन और नायब तहसीलदार दुर्ग वसुमित्र दीवान को वीक्षक इन्व्हीजिलेटर कार्य संपादित करना है।

## पुलिस और भिलाई निगम की संयुक्त कार्रवाई, रविवार की सुबह शुरू हुआ अभियान

# संडे मार्केट में फिर बुलडोजर, प्रशासन और व्यापारियों में झड़प के बीच 150 से ज्यादा अस्थाई दुकानों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रविवार को सुपेला के संडे मार्केट से गुजने वाले लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान भिलाई नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने सुबह से बुलडोजर की कार्रवाई करती रही।

संडे मार्केट में 150 दुकानों के बाहर लगने वाले ठेले और अस्थाई निर्माण पर शिकंजा कसा गया। इसके अलावा निगम अधिकारी व व्यापारियों के मध्य जमकर विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई थी पुलिस के हस्तक्षेप के बाद माहौल शांत हो पाया। इसके अलावा शिवलिंग चबूतरा को हटाने को लेकर भी विवाद हुआ लेकिन समझाइश के बाद चबूतरा तोड़ा गया है। सुपेला के दुकानदारों ने इस कार्रवाई का समर्थन किया है। उन्होंने इसे सही ठहराया है। मानवता के नाते कुछ व्यापारियों ने कार्रवाई में लगे निगम अमले और पुलिस के लिए नाश्ते की व्यवस्था भी कर रखा था। सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम की टीम सुबह 6 बजे से ही संडे मार्केट में जुटी रही। यहां अवैध रूप से लगाए गए ठेले, खोमचों व दुकानें और अस्थायी निर्माण को हटाया गया। विरोध को देखते हुए सुपेला, छावनी, खुर्सीपार, सेक्टर-6 कोतवाली, जामुल थाने की पुलिस टीमों को सुरक्षा के लिहाज से तैनात किया गया था। साथ ही महिला पुलिस बल भी मौके पर पहुंची। कार्रवाई से पहले ही शनिवार देर रात सभी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की सूचना दी गई थी। यह अभियान फिलहाल लगातार चलेगी।





### हर संडे सड़क से गुजरना मुश्किल इसलिए कार्रवाई

सुपेला संडे मार्केट में बेतरतीब ढंग से दुकानें लगने के कारण हर रविवार को ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ठप रहता है। सड़क पर अतक्रिमण की वजह से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी से गुजरना पड़ता है। जाम को लेकर निगम व पुलिस को लगातार शिकायतों के बाद प्रशासन ने यह कदम उठाया। हाल ही में इसे लेकर कलेक्टर से भी शिकायत की गई थी। जिसके बाद निगम ने पांच थानों के टीआई भी मौजूद रहे। निगम प्रशासन ने पहले ही बताया दिया था कि कार्रवाई में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस बल की मांग की गई थी।

### जाम से परेशान थे सब लगातार शिकायतें



दुकान के सामने अतिरिक्त जगह घेर कर फूटपाथ में दुकान लगाने से आने जाने वालों को दिक्कत हुआ करता था। कार्रवाई जरुरी था लंबे समय से सब परेशान थे। गुरुद्धारा से लेकर गदा चौक तक भयंकर रुप में जाम लगा रहता था। घड़ी चौक से गुरुद्धारा तक खाली रहता है। पहले कई लोगों को समझाया भी गया लेकिन कोई नहीं सुनता है। निगम की कार्रवाई से संतुष्ट है। सौ फीट सड़क है हमारे यहां कार्रवाई सब पर जरुरी था। चुना मार्किंग किया गया है। इसके बाहर सामान नहीं लगाना है। नहीं तो निगम कार्रवाई करने की हिदायत दिया।

-राकेश कुमार वर्मा, आरके इलेक्ट्रीकल व्यापारी सुपेला

### व्यापारियों ने कहा-प्रशासन की कार्रवाई गलत



पुलिस कंट्रोल में निगम और दुकानदारों की बैठक बुलाई गई थी। बातचीत दोनों पक्षों में हुआ था। नोटिस भी पहले दिया गया था।लेकिन रविवार को जो कार्रवाई हुई पूरी तरह से गलत हुआ है। बैठक में जो बात हुआ उसके विपरित ही निगम ने कार्रवाई किया है। हम दुकानदारों का तोड़फोड़ के समय नहीं सुना गया। मनमर्जी से कार्रवाई की गई सामान हटाने तक का मौका नहीं दिया गया। इससे पहले भी कई बार कार्रवाई की जाती है। हर बार हमारा घर और रोजगार उजाड़ दिया जाता है। हमारी आपत्तियों को दरकिनार कर दिया गया है।

-मो. इरफान कुरैशी, अध्यक्ष संडे मार्केट सुपेला

### डिवाइडर में लगी दुकानें

कई लोग डिवाइडर पर भी अपना दुकान लगा के रखे हुए थे। कही 80 फीट तो कहीं 150 फीट तक कब्जा कर लिया गया था।इससे जाम की स्थिति निर्मित होती थी। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

सत्य प्रकाश तिवारी, सीएसपी

### अतिक्रमण हटाया

सुपेला चौक से गद्दा चौक तक बड़ी संख्या में अस्थाई ठेले दुकानें लगा दी गई थीं। ट्रैफिक व्यवस्था बेकार हो गया था। हर संडे ये दुकानें लगती थी। दुकानदारों से मीटिंग कर अतिक्रमण हटाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद निगम और पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटाया गया।

-हितेश पिस्दा, एसडीएम छावनी

## बुलेट से गांजा की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

गांजा तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दुर्ग की ओर से नीली रंग की बुलेट में सवार दो युवक अपने पास पीठू बैग में गांजा रखकर सुपेला भिलाई की ओर आ रहे थे। सूचना पर पुलिस ने

- नेहरू नगर जिम गार्डन के पास घेराबंदी कर पकड़ा

नेहरू नगर जिम गार्डन के पास घेराबंदी किया गया। दोनों युवकों को पुलिस ने पूछताछ करना शुरु किया। युवकों ने अपना नाम डिपरापारा, दुर्ग निवासी मोहम्मद एजाज, आदर्श नगर, पोटिया चौक दुर्ग फैजान कुरैशी बताया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कॉफी रंग के पीठू बैग से 4 नग ब्राउन रंग के रैपर में सीलबंद गांजा बरामद किया। जिसका वजन 4.030 किलोग्राम जिसकी कीमत 2 लाख रुपए है। बुलेट सीजी 07 सीक्यू 1837, दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। जब्त सामानों की कीमत 3.60 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर भेजा गया है। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

## 31 तक धान खरीदी, टोकन के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में धान की खरीदी अंतिम दौर है, लेकिन अब भी किसानों को परेशान होना पड़ रहा है।टोकन के लिए सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। शासन ने 31 जनवरी तक धान खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तारीख घोषित की है, लेकिन 31 की तारीख पर पंजीयन कराने पर 28 या 29 जनवरी को धान बेचने की तारीख जारी की जा रही है। इस वजह से किसान संशय की स्थिति में हैं। उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। जिले में अब तक 10.13 अरब की लागत से 4,27,618.08 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। 81927 किसानों ने अपना धान बेचा है। उपार्जन केन्द्रों के लिए 2,40,735.14 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी हो चुका है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,72,018.50 टन धान का उठाव किया जा चुका है। जिले में अब तक धान बेच चुके 45165 कृषकों ने 1,237.50 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया है। केन्द्रों में खरीदी के लिए 23,00,295 बारदानें उपलब्ध कराए गए हैं।



## पंचशील नगर, सुपेला और टेकापार बोरी में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जगन्नाथपुरी ओडिशा में घूमने गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात अज्ञात ने पार कर दिया। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि हरिश लहरे की पंचशील नगर चरोदा में शॉप है। 13 जनवरी को वे परिवार समेत जगन्नाथपुरी ओडिशा घूमने गए थे। जब घर लौटे तो देखा दरवाजे टूटा पड़ा है। आलमारी को जाकर चेक करने पर सोने-चांदी के जेवरात समेत नगदी गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है। वहीं दूसरी घटना बोरी थाना क्षेत्र की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि राधिका नगर सुपेला निवासी योगेन्द्र प्रसाद का सुपेला में रेडीमेट कपड़ों की दुकान है। 18 दिसंबर की रात दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। दूसरे दिन दुकान पहुंचा तो सारा समान फैला हुआ था। चेक करने पर तीसरी मंजील का दरवाजा टूटा पड़ा मिला। चैनल गेट का राड भी फैला हुआ था। दुकान के गल्ले में रखे 15 हजार नगद, 45 नग 28 से 34 कमर वाले ट्राउजर पैंट 40 हजार के गायब मिले। खोजबीन करने पर कपड़ा की जानकारी नहीं मिल पाई। तब शिकायत पुलिस से की गई। ग्राम टेकापारा बोरी निवासी चंद्रभूषण ढिंढे परिवार समेत सोए हुए थे। अज्ञात ने मकान से सोने-चांदी के जेवरात व नगदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। पीड़ित कृषक है। परिजन उठने के बाद देखा खाट के पास रखा हुआ पेटी गायब था। आसपास खोजबीन करने पर पेटी मैदान पर खुली मिला, जिसमें सारे जेवरात गायब मिले। तीनों ही मामलों पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। कुछ जगहों पर संदिग्ध नजर आए हैं। उनके बारे में पतासाजी की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में चोरी की घटनाएं बढ़ी है।

## रविवार को दिन के समय चिलचिलाती धूप खिली, अब बढ़ेगा तापमान

# जिले में 4 दिन से रात का तापमान 10 के आसपास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रविवार को ठंड से थोड़ी राहत मिली। पूरे दिन चिलचिलाती धूप ने ठंड और चल रही शीतलहर से राहत दी।

बता दें कि पिछले 4 दिनों से रात का पारा 10 डिग्री के आसपास ठहरा हुआ है। 15 जनवरी को जहां तापमान 10.8 डिग्री रहा, जो समान्य से 2.7 डिग्री कम था। इसी प्रकार 16 जनवरी को 902, 17 को 9 और 18 जनवरी को 9.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 5.7 डिग्री तक कम रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। इधर अधिकतम तापमान भी 30 डिग्री के आसपास बना हुआ है। 15 जनवरी को 30 डिग्री, 16 को 28.6 डिग्री, 17 को 29.2 डिग्री और 18 को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बता दें कि ट्विनसिटी में पिछले करीब 15 दिनों से शीतलहर चल रही है। ठंडी हवा की वजह से तापमान में गिरावट आई है। इस हिसाब से तापमान जरूर आगे जाएगा लेकिन शीतलहर की स्थिति में ठिठुरन बनी रह सकती है। तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।



### दिनभर हुआ गर्मी का अहसास, शाम होते ही लगने लगी ठंड

रविवार की सुबह की शुरुआत ठंड से हुई, जैसे-जैसे दिन चढ़ा, तापमान बढ़ता गया। तेज धूप ने लोगों को ठंड से राहत दी। शाम होते-होते एक बार फिर ठंड बढ़ गई। लोगों ने ठिठुरन महसूस की। मौसम विभाग के मुताबिक एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उससे सटे पाकिस्तान और पड़ोस के ऊपर औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर स्थित है। इसकी वजह से उत्तर भारत में बारिश और स्नो फॉल की आशंका बनी हुई है। इससे मैदानी क्षेत्रों में ठंड की संभावना बनी हुई है, लेकिन दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी ठंड के लौटने के संकेत हैं।

### आज से तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो पॉकेट में शीत लहर की स्थिति होने की संभावना है। दो दिनों के बाद प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। तापमान में आंशिक बढ़ोत्तरी की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर और मध्य क्षेत्र में अगले 24 घंटे तक शीतलहर चलने की संभावना है। हालांकि राहत की बात यह है कि अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। दिन के तापमान में बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं। पिछले 24 घंटों में दिन में तेज धूप देखने को मिली है। रात और सुबह ज्यादा ठंड महसूस हो रही है। इसी वजह से कुछ इलाकों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है।



## खबर संक्षेप



### गुहा निषाद जयंती मनाई गई

**दुर्ग।** ग्रामीण एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महाराजा गुहा निषाद जयंती दुर्ग जिले के सभी ग्रामों और क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं खेल साहित्य जैसे समाज का नाम रोशन किया हो उन सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार निषाद, विशेष अतिथि सचिव संतोष जलतारे, कोषाध्यक्ष खिलावन निषाद, संगठन सचिव ओमप्रकाश निषाद, जिला एवं प्रदेश अंकेक्षक मल्लेश निषाद अवरुण निषाद आदि उपस्थित रहे। प्रदेश एवं जिला युवा अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार निषाद कहा कि आज इस देश के कुर्बानी देने वाले समाज अपने हक अधिकार के लिए आज भी लड़ रहा है। जिला अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद उन्होंने कहा कि भक्त गुहा समाज के गौरव हैं, जिनका जीवन सामाजिक समरसता, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, शिक्षा और जागरुकता को बढ़ावा देना चाहिए।

### अन्य पिछड़ा वर्ग के हित व संवर्धन के लिए सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** ओबीसी महासभा जिला इकाई दुर्ग के द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के हित संवर्धन एवं संरक्षण हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं में समानुपातीक हिस्सेदारी प्रदान करने के संबंध में ए माननीय प्रधानमंत्री जीए माननीय गृह मंत्री जी भारत सरकारए माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासनए महामहिम राज्यपाल जी छत्तीसगढ़ के नाम सेए लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ राज्य में लागू हो ऐसे ही 28 बिंदुओ पर प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम साहू जी के निर्देश अनुसार माननीय तहसीलदार महोदय पाटन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। उक्त दौरान जिलाध्यक्ष भानु प्रताप यादव, अधिवक्ता रेखराम साहूएओमप्रकाश यादव, हिमांशी नायक उपस्थित थे।

### नारधा में छात्रा ने दी भजन की प्रस्तुति



**भिलाई।** बाबा रुखननाथ नारधा भिलाई में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से सहयोग विष्णु गिरी गोस्वामी, कृष्णागिरी गोस्वामी एवं पुजारी सुरेंद्र गिरी और ग्रामवासियों के संयोजन से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में खैरागढ़ विश्वविद्यालय में अध्यनरत बालिका छाया गोस्वामी निवासी अंधियार खोर कबीरधाम की भजन प्रस्तुति हुई। सभी श्रोतागण मंत्र मुक्त हो गए। यह जानकारी गोस्वामी समाज प्रचार सचिव भारद्धाजगीरी गोस्वामी ने दी।

# एनजीटी का फरमान बेअसर...सीवरेज वॉटर बिना ट्रीटमेंट पहुंच रहा शिवनाथ, नहीं है एक भी अंडर ग्राउंड सीवरेज वॉटर सिस्टम

अतुल अग्रवाल ⏭ दुर्ग

दुर्ग में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) का फरमान लंबे समय से बेअसर है। एनजीटी की गाइडलाइन के मुताबिक नालों का गंदा और सीवरेज वाला पानी ट्रीटमेंट के बाद नदियों में छोड़ा जा रहा, लेकिन दुर्ग निगम में एनजीटी के इस आदेश के पिछले लंबे समय से अनदेखी हो रही है। शहर विस्तार के साथ ही पानी अधिक गंदा, मटमैला हो गया है। सीवरेज का पानी नालियों के रास्ते पुलगांव, शंकरनाला सहित बड़े नालों में पहुंच रहा है, वहां से सीधे शिवनाथ नदी में छोड़ दिया जा रहा है। भिलाई का पानी समोदा नाले के रास्ते नदी में पहुंच रहा है। इतना ही नहीं शहर का पूरा पेयजल सिस्टम यानी पाइपलाइन ऐसी नालियों और नालों के आसपास से होकर गुजर रही है। बता दें कि इसे लेकर एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच दूषित पेयजल पर्यावरण, जनस्वास्थ्य और संविधान के अनुच्छेद-21 का सीधा उल्लंघन मानते हुए फटकार भी लगा चुका है। एनजीटी ने कहा कि देश के कई शहरों में भी यही हाल हैं। एनजीटी ने कहा कि अब हर शहर में पानी की गुणवत्ता की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी। शिकायत के लिए वाटर एप बनाना होगा। पाइपलाइन से लेकर टंकियों तक जिम्मेदारी तय करनी होगी। इसके बाद शासन स्तर पर इसे लेकर तैयारी शुरू की गई है। एनजीटी ने माना कि कई शहरों में पानी की लाइनें सीवर के नीचे या बेहद पास बिछी हैं। जगह-जगह लीकेज और जर्जर पाइप हैं। रुक-रुक कर सप्लाई से पाइपलाइन में नेगेटिव प्रेशर बनता है, जिससे गंदा पानी अंदर घुस जाता है। इसके बावजूद न नियमित जांच हो रही है और न समय पर मरम्मत।

**10 साल एसटीपी के निर्माण के नाम पर चल रही फाइलें, पुलगांव, शंकरनाला, समोदा नाले से पहुंच रहा गंदा पानी**

### सेहत के साथ सीधा खिलवाड़, नहीं हो रही कोई मॉनीटरिंग

एनजीटी ने सीवरेज वॉटर के संबंध में कई गाइड लाइन जारी की है। इसमें मुख्य रूप से एसटीपी से निकलने वाले पानी की गुणवत्ता बीओडी, सीओडी, टीडीएस पर नियंत्रण, सीवेज वॉटर के ट्रीटमेंट के बाद पुनः उपयोग शामिल हैं। इसे लेकर दुर्ग निगम पिछले करीब 10 सालों से काम कर रहा है। बावजूद इसके अब तक प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो पाया है। एसटी के जरिए बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और टोटल सस्पेंडेड सॉलिड्स जैसी अशुद्धियों को निर्धारित सीमा में रखना है, ताकि जल प्रदूषण कम हो सके। 21 मई 2020 को एनजीटी ने एक आदेश भी जारी किया, लेकिन 6 साल भी इसका पालन नहीं हो पाया है। निगम ने इस पर पुनः काम शुरू किया है। करीब 147.93 करोड़ रुपए की कार्ययोजना भी तैयार की गई, लेकिन वर्तमान में इस पर 129 करोड़ खर्चने की तैयारी है। निगम ने चेन्नई की कंपनी इको प्रोडक्शन को इसका



फाइल फोटो

### आज भी पुलगांव नाले के रास्ते पहुंचने वाले गंदे पानी का ट्रीटमेंट होकर घरों में पहुंच रहा

बता दें कि दुर्ग शहर की पेयजल व्यवस्था में बड़ी खामी है। 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट का इंटकवेल पुलगांव नाले के टेल पर ही स्थापित कर दिया गया है। इस जगह पर शिवनाथ नदी का पानी सिर्फ बारिश के दिनों तक ही पहुंचता है। बाकि दिनों में शहर का गंदा, सीवरेज और मटमैला पानी ही पहुंचता है, जिसे उक्त इंटकवेल से लिफ्ट कर फिल्टर प्लांट पहुंचाया जाता है। इसके बाद ट्रीटमेंट के बाद शहर की आधे से ज्यादा आबादी के लिए पेयजल के रूप में पहुंचाया जाता है। लंबे समय से यह व्यवस्था बनी हुई है। चार साल पहले पुलगांव नाला डायवर्सन का प्लान बना, ताकि नाले के पानी को लिफ्ट कर दूसरे जगह से नदी में पहुंचाया जा सके, लेकिन डायवर्सन सिस्टम फेल हो गया। बनाया स्टॉप डेम टूट गया। वर्तमान में गंदे पानी का ही ट्रीटमेंट किया जा रहा है।

### शहर में सिर्फ हाउसिंग बोर्ड में ही अंडर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम

60 वार्ड के दुर्ग शहर की आबादी इस समय 3.50 लाख के पार पहुंच चुकी है। पिछले 15 सालों में शहर का तेजी से विस्तार हुआ। पेयजल के नाम पर 20 सालों में 500 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च कर दी गई, लेकिन पेयजल व्यवस्था में अब तक सुधार नहीं हो पाया है। शहर में अब तक अंडर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम शुरू नहीं हो पाया है। 10 साल पहले इसे लेकर शासन के निर्देश पर सर्वे जरूर कराया गया, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। वर्तमान में सीवरेज का पानी शहर के लिए एक बड़ी समस्या बनाकर उभरा है, जिसे लेकर अब तक गंभीरता नहीं दिखाई गई है। शहर में सिर्फ हाउसिंग बोर्ड ने ही अंडर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम का निर्माण कराया।



### दो जगहों पर बनेगा एसटीपी पुलगांव और उरला में जगह तय

जानकारी के मुताबिक दो जगहों पर नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना है। इसके लिए जगह का निर्धारण कर लिया गया है। ताकि दो प्रमुख नालों शंकरनाला और पुलगांव नाले का गंदा पानी सीधे शिवनाथ नदी में नहीं पहुंचे। दुर्ग निगम ने इसके लिए दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को मंजूरी दे दी है। पहला 30 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पुलगांव स्थित एसएलआरएम सेंटर के पास बनेगा, वहीं दूसरा उरला मुक्तिधाम के पास शंकरनाला में स्थापित किया जाएगा। इस पर करीब 129 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। टेक्निकल कमेटी की रिपोर्ट और निविदा प्रक्रिया के बाद इको प्रोडक्शन को कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। एजेंसी 27 महीने में दोनों एसटीपी तैयार करेगी। साथ ही साफ पानी को डिमांड के अनुरूप अन्य संसाधनों को बेचेगी। भिलाई में खुर्सीपार क्षेत्र के तेल्हा नाले में दो प्लांट लगाए जाने की योजना है, जिसके टेंडर की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। वहीं बीएसपी ने पुरैना और मरोदा क्षेत्र में प्लांट लगाया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद नालों के गंदे पानी को सीधे नदियों तक न पहुंचे, इसे लेकर यह कवायद की जा रही है। बीएसपी 30 और 36 एमएलडी प्लांट के एसटीपी बना रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के लिए 150 एमएलपी की एसटीपी तैयार किया जा रहा है।

# वाईशेप ब्रिज के पास लगेगी ताराचंद साहू की प्रतिमा, मंत्री साव ने की 40 लाख की घोषणा

**शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की मांग पर उपमुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति, साहू समाज ने व्यक्त किया आभार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं स्वर्गीय ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को रविशंकर स्टेडियम स्थित मानस भवन में किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री साव ने समाजसेवा, शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभिन्न समाजों के 36 रत्नों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साव ने कहा कि दिवंगत ताराचंद साहू एक कुशल संगठनकर्ता और जननेता थे, जो सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपने आचरण और व्यक्तित्व से समाज और राजनीति में अलग पहचान बनाई। उनका निधन 11 नवंबर 2012 को हुआ। आज उनके बताए मार्ग पर आज समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ताराचंद साहू के बाद उनके पुत्र दीपक ताराचंद साहू समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेकर समाज और राजनीति दोनों क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। छत्तीसगढ़ के विकास में सबका साथ, सबका विकास की भावना से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव की मांग पर स्वर्गीय ताराचंद साहू की प्रतिमा स्थापना के लिए 40 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार, साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं रमशीला साहू, पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कवर्धा डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, दीपक ताराचंद साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष नंदलाल साहू, दिनेश साहू, चंद्रभूषण साहू सहित अन्य मौजूद थे।





### परिचय सम्मेलन पुरोधा ताराचंद की देन : गजेंद्र

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि यह सम्मान समारोह स्वर्गीय ताराचंद साहू की स्मृति में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक समाजों में होने वाले परिचय सम्मेलन हमारे पुरोधा स्वर्गीय ताराचंद साहू की देन हैं। इस दौरान उन्होंने पूरे प्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा स्थापना के लिए उप मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रिटायर कर्मी हमारे विशाल परिवार का हिस्सा : मिश्रा



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों की सबसे पुरानी एवं प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें माह दिसंबर 2025 और उससे पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान करते हुए उनकी जमा निधियों के अंतिम भुगतान का चेक प्रदान किया। इस दौरान अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ साथी हमारे इस विशाल परिवार का हिस्सा है और इनके मार्गदर्शन से ही हम आगे बढ़ेंगे. उन्होंने सभी सदस्यों को स्वस्थ एवं सुखमय सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों में राजेश कुमार, राकेश कुमार, शशि कुमार सिंह, शंभू प्रसाद, राजेंद्र वर्मा, राम कुबेर सिंह, नरेंद्र बलदेव, घनश्याम सिंह, प्रीतराम, सुबिमल, अनिल कुमार, विनोद कुमार, लक्ष्मी नारायण, एस जोगाराव, धीरज कुमार, रामकुमार, राजेश कुमार सिंह, एस गणेश्वर स्वामी, कमलेश कुमार, सुखमणि, चेतन लाल, जमाल अख्तर खान, महेंद्र कुमार, एम. वेंकटेश को ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और आभार संचालक कुलेश्वर चंद्राकर ने व्यक्त किया।

# स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा प्रशिक्षण



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने मुख्यमंत्री कौशल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान हरिषिकेश फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।संस्था की डायरेक्टर गीता रानी बिसवाल ने जानकारी दी कि संस्था द्वारा वर्तमान में योगा इंस्ट्रक्टर, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिक्योरिटी गार्ड एवं ब्यूटी पार्लर जैसे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सिलाई-बुनाई और फैशन डिजाइनिंग जैसे पाठ्यक्रम भी नियमित रूप से संचालित हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष रूप से धनोरा क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में जरूरतमंद व्यक्तियों को सिटकालीन वस्त्रों का वितरण किया गया तथा महिला स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने नींबू और मुनगा के पौधों का भी वितरण किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की निगम कमिश्नर ने की समीक्षा



**दुर्ग।** नगर निगम कमिश्नर सुमित कुमार अग्रवाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संचालित बीएलसी एवं एएचपी घटकों में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की गई। कमिश्नर ने प्रत्येक एजेंसी की कार्यप्रगति का आंकलन करते हुए निर्देशित किया कि माह के अंत तक प्रगति में सुधार लाते हुए योजना के अनुरूप कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डेली फॉलो-अप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सरस्वती नगर फ्लैट परियोजना के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र शिफ्ट किया जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी, सब-नोडल अधिकारी सहित समस्त सीएलटीसी एक्सपर्ट, एजेंसी के कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड परिसर में 91 लाख की लागत से सड़क डामरीकरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के व्यस्ततम बस स्टैंड परिसर में नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम उठाया गया। महापौर अल्का बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर एवं वार्ड पार्षद बबिता गुड्डू यादव, एमआईसी शशि साहू, कुलेश्वर साहू, सावित्री दमाहे की उपस्थिति में 91 लाख रुपये की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य का पूजा.अर्चना कर शुभारंभ किया।

■ बस स्टैंड में डामरीकरण कार्य का किया भूमिपूजन



इस अवसर पर महापौर ने कहा कि बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क जर्जर हो चुकी थी, जिससे यात्रियों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पार्षद एवं नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुए यह डामरीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है, जिससे आने वाले समय में आवागमन सुगम होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। सड़क, नाली, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने बकायादारों से कहा कि नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग करें और समय पर टैक्स का भुगतान करें। इस मौके पर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डामरीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण कर आम जनता को समर्पित किया जाएगा।

**ट्रैफिक पुलिस के सड़क सुरक्षा माह के दौरान जांच शिविर का आयोजन**

# दस स्कूली बसों में खामियां, पांच चालकों की आंखें कमजोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा माह में सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के अनुसार स्कूली छात्र छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते हुए। ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस ग्राउण्ड सेक्टर 6 भिलाई में स्कूल बस जांच शिविर लगाया था। शहर भर के 6 स्कूलों के छात्र छात्राओं के परिवहन करने वाले 49 बसों का जांच की गई। जांच में 10 बसों में खामियां पाई गई। वाहन की जांच शिविर का उद्देश्य छात्र छात्राओं का सुरक्षित परिवहन से है। शिविर में पहले वाहनों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। इसके बाद परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसो के दस्तावेजो की जांच किया। जिसमें वाहनों का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया गया। वाहनो का मैकनिकल फिटनेश भी जांच किया। इसके अलावा वाहनों के हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किग लाईट, इंडीकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच, ऐक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न की स्थिति, वॉयपर व आगे पीछे रिफ्लेक्टर चेक किया गया। चेकिंग के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप जैसे वाहन में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गर्वनर, प्रेशर हॉर्न, आपातकालीन खिड़की, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाइल नंबर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र, स्कूल बस के आगे पीछे स्कूल बस लिखा है की नहीं चेक किया।

■ 49 बसों की हुई चेकिंग



### बसों का तीन हजार का हुआ चालान

जांच में ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा 10 स्कूली बसो पर चालान 3000 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। चालक परिचालक के स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। चालकों का आंखों की जांच भी की गई। इस दौरान 5 चालको को आंखो की शिकायत पाई गई। जिन्हें चश्मा लगाने और चश्मे में नंबर बढ़ाने की हिदायत दी गई। जो बसें शिविर में जांच के लिए नहीं पहुंचे हैं उन्हें परिवहन के दौरान रोकर जांच की गई। यह कार्रवाई आरटीओ व ट्रैफिक द्वारा किया गया। स्कूल संचालकों हिदायत दी गई कि बसों की खामियां को जल्द दूर करें।

### चंद्रिका का शरीर अध्ययन के लिए समर्पित



**दुर्ग।** बजरंग चौक राजीव नगर निवासी 75 वर्षीय चंद्रिका बाई राजपूत का मरणोपरांत देहदान संपन्न हुआ। उनके पार्थिव शरीर को चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई कर रहे छात्रों के अध्ययन के लिए अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज जुनवानी भिलाई को सौंपा गया। यह कार्य संस्था प्रनाम के माध्यम से परिजनों की सहमति से संपन्न हुआ। स्व. चंद्रिका बाई राजपूत ने दिसंबर 2017 को अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसिलिंग के बाद देहदान की वसीयत जारी की थी। उनके निधन के बाद परिजनों ने अंतिम इच्छा का सम्मान किया। प्रक्रिया में पुत्री संध्या राजपूत, पवन गुप्ता, अजय होरीलाल राजपूत, प्रगति, प्रदीप आदि मौजूद थे।

# आरसेटी ने सफल उद्यमियों को प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा आरएसईटीआई से प्रशिक्षित उद्यमियों के सफल पूर्व उम्मीदवारों का संघ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आरसेटी से प्रशिक्षित सफल उद्यमियों को एक मंच पर लाकर उनके अनुभव साझा करना तथा नव-प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात प्रार्थना प्रस्तुत की गई। सम्मेलन को राज्य निदेशक आरसेटी छत्तीसगढ़ ने संबोधित करते हुए आरसेटी की भूमिका, स्वरोजगार के महत्व तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में उद्यमिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर आरसेटी से प्रशिक्षित सफल हितग्राहियों ने अपने उद्यमिता अनुभव, संघर्ष और सफलता की प्रेरक कहानियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान सफल उद्यमियों को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही आरसेटी दुर्ग में आयोजित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों को भी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिससे उनमें उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ।

कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने बैंक द्वारा उद्यमियों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न वित्तीय सहायता, ऋण योजनाओं एवं मार्गदर्शन की जानकारी दी। आरसेटी दुर्ग द्वारा 19 जनवरी से कंप्यूटर टैली 38 दिन फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी 30 दिन का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अजीत तीसरी बार दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण के अंडा विनायकपुर क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने लगातार तीसरी बार महामंत्री के रूप में नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के कार्यकर्ता ने आभार व्यक्त किया और जिले के जनप्रतिनिधियों ने भी बधाई दी है। जिसमें प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सांसद विजय बघेल, दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, जिला मंत्री गिरेश साहू, जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य बेला यादव और सभापति लोमस चंद्राकर सहित शामिल हैं।

### रामपाल का किसानों ने किया सम्मान

**सेलूद।** संत रामपाल के प्रवचनों का लाइव प्रसारण एलईडी टीवी के



माध्यम से ग्राम सेलुद में रखा गया। समारोह में किसानों ने संत रामपाल को उनके सामाजिक और किसान हितैषी कार्यों के लिए सम्मानित किया। 350 गांवों की भागीदारी, लाखों किसानों की मौजूदगी में हरियाणा के झज्जर जिले के गिरावड़ गांव में 11 जनवरी को किसान संत गरीबदास गरिमा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टरों और वाहनों के साथ जुलूस के रूप में पहुंचे।

### निकुम मंडई कल

**निकुम।** श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बस्ती पारा निकुम में 20 जनवरी मंगलवार को भव्य मेला मंडई मंडई होगी, जिसमें रात्रि रात 9 छत्तीसगढ़ी नाच पूजा के फूल खलारी की प्रस्तुति होगी।

## निधन

### अनिल दुबे



**दुर्ग।** सिकोला भाटा दुर्ग निवासी अनिल दुबे (62 वर्ष) का 18 जनवरी रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरना बांधा मुक्ति धाम में किया गया।

### रमेशर साहू



**जामगांव आर।** रमेशर साहू 90 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे टीकम साहू, कुमार साहू के पिता एवं सोनसाय साहू के दादा थे।

### डॉ. जीएस चौहान



**भिलाई।** बीएसपी सेक्टर 9 हॉस्पिटल से सेवानिवृत्त जॉइंट डायरेक्टर डॉ. जीएस चौहान (80) निवासीः 48/4, नेहरू नगर (पश्चिम) का निधन 16 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को राम नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रशांत चौहान एवं पूजा सिंह के पिता थे।

### जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, राजस्व का हो रहा नुकसान

# अवैध रेत उत्खनन जोरों पर, शिकायत के बाद भी नहीं की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**मामला खुड़मुड़ी क्षेत्र की नदी में अवैध उत्खनन का**





विधानसभा पाटन अंतर्गत ग्राम खुडमुड़ी में अवैध रेत उत्खनन का खेल खुलेआम चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। खनिज विभाग हरकत में नही आया और न ही प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई की। नतीजा यह है कि रेत माफियाओं के हौसले सातवें आसमान पर हैं और शासन को लाखों रुपये के राजस्व का सीधा नुकसान हो रहा है।

जानकारी के अनुसार विगत कई दिनों से खुडमुड़ी क्षेत्र की नदी में अवैध तरीके से रेत निकाली जा रही है। रेत माफियाओं ने नदी तक पहुंचने के लिए लंबा अवैध रास्ता बना लिया है, जिससे भारी मशीनों का बेरोकटोक आवागमन जारी है। बताया जा रहा है कि बड़े-बड़े चैन मशीनों की मदद से आधी -रात रेत की लोडिंग की जा रही है। इतना ही नहीं, नाव (बोट) लगाकर नदी का सीना चीरते हुए खुलेआम रेत निकाली जा रही है। आपको बता दे की जिस जगह से रेत निकल रही है ।उसी जगह के आस पास पुल भी है और भारी भरकम मशीनों के माध्यम से रेत निकाली जा रही है इससे पुल गिरने की भी खतरा है।

सूत्र बताते हैं कि अवैध उत्खनन से निकली रेत को ऊंचे दामों पर बेचकर मोटी कमाई की जा रही है। शासन को लाखों का चूना लगाया जा चुका है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल खनिज विभाग की नाक के नीचे चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध कारोबार में कुछ रसूखदार लोग और बड़े ठेकेदारों का गिरोह शामिल है, जिन्हें किसी भी तरह की कार्रवाई का कोई भय नहीं है।

ग्रामीणों के अनुसार पाबंदी के बावजूद हर रात बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन कर उसे निर्माणाधीन स्थलों तक पहुंचाया जा रहा है। अब तक 300 से अधिक ट्रिप रेत निकाले जाने की बात सामने आ रही है, साथ ही भारी मात्रा में रेत का अवैध भंडारण भी किया गया है। लोगों का आरोप है कि खनिज विभाग की दोहरी नीति का खामियाजा गरीब तबके को भुगतना पड़ रहा है। छोटे मजदूरों और ग्रामीणों पर तो नियमों का डंडा चल जाता है, लेकिन रेत माफिया के सामने विभाग मौन साध लेता है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर जबरदस्त आक्रोश है कि आखिर एसडीएम और खनिज अधिकारी चुप क्यों हैं? सूत्रों से जानकारी मिली है रात में रोजाना 25से 30 ट्रीप अवैध रेत निकाली जा रही है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि यह रेत खदान राजनीतिक संरक्षण और खनिज विभाग की साठगांठ से संचालित हो रही है। बताया जाता है कि नावों के माध्यम से रेत निकाली जा रही है और इस पूरे खेल में खनिज अधिकारी पर्दे के पीछे छुपे बैठे हैं। आखिर किसके इशारे पर यह अवैध कारोबार लंबे समय से फल-फूल रहा है? क्या बड़े नेताओं का संरक्षण प्राप्त है?

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि शासन और प्रशासन आखिर कब जागेगा? क्या खुडमुड़ी की नदी यूं ही माफियाओं के हवाले होती रहेगी? यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर फूट सकता है। फिलहाल, अवैध रेत उत्खनन का यह काला कारोबार प्रशासन की निष्क्रियता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। लोगों का कहना है कि खनिज विभाग बीट अधिकारी के जरिए कार्रवाई करता है लेकिन वे कभी झांकने नहीं आते।

> **पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी**
>
> “मैं खुद नदी घाटों में जाकर देख रहा हूं और हमारी टीम रोजाना निरीक्षण अभियान चला रही है। कोई भी अवैध तरीके से रेत ना निकालने पाए।
>
> **दीपक तिवारी,** खनिज अधिकारी दुर्ग

## शाकम्भरी महोत्सव में सम्मानित की गईं प्रतिभाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ कोसरिया पटेल मरार समाज झीट महुदा राज के मां शाकम्भरी महोत्सव एवं प्रथम वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन बाजार चौक पाहंदा (अ) में हुआ।

■ मां शाकम्भरी महोत्सव एवं प्रथम वार्षिक अधिवेशन का समापन

मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि राकेश ठाकुर जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी दुर्ग थे। अध्यक्षता सुनील पटेल प्रदेश अध्यक्ष ने की। विषेश अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, जनपद आनंद बघेल,महेंद्र वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस,डॉ मोहन साहू,पवन पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष, कुबेर पटेल , आत्मा राम पटेल, खिलू पटेल,अशोक पटेल, केशव पटेल महामंत्री, ग्राम पंचायत सरपंच ईशरावती ठाकुर,चेतन देवांगन, पूर्व सरपंच मोहन साहू, कृष्णा साहू,परमेश्वर यदु, ईश्वर साहू की गरिमामई उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरूआत मां शाकम्भरी देवी की पूजा अर्चना से हुई। सर्व प्रथम महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल कर गांव का भ्रमण किया। स्वागत भाषण कामता पटेल अध्यक्ष झीट राज ने दिया। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र पटेल ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने मरार समाज के योगदान को रे खां कि त किया। समाज प्रमुखों ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए युवा पीढ़ी को नशा पान से दूर रहकर कार्य करने की बात कही।

अंत में सभी अतिथियों का सम्मान सब्जी टोकरी के साथ शॉल श्रीफल भेंट कर किया गया। जिसमे हितेन्द पटेल सहित सामाजिक कार्यकर्ताओ का सहयोग रहा। अभार प्रकट हितेंद पटेल ने किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में मरार पटेल समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना वार्षिक उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

गुड शैफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, धमधा में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर जोमेंन जो वर्गिस ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक उत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

## राशन कार्ड बनाने करवा दी वसूली की मुनादी, कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्राम पंचायत कंडरका में नया राशन कार्ड बनाने निर्धारित रकम वसूली की मुनादी करवा दी गई। ग्रामीणों ने इस मामले की जब कलेक्टर तक शिकायत की तो सरपंच-उपसरपंच ने इससे इनकार कर दिया। ग्रामीणों में इस मामले को लेकर रोष है। ग्रामीणों के मुताबिक सरपंच एवं उपसरपंच द्वारा कोटवार से मुनादी कराई गई थी कि नया राशन कार्ड बनाने के लिए 800 एवं नाम काटने एवं जोड़ने के लिए 300 लगेगा। लोगों ने जब इस बाबत पूछताछ की तो सरपंच-उपसरपंच ने कहा कि राशन कार्ड बनाने के लिए पैसा जरूरी है।

कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और उसके बाद कलेक्टर को ऑनलाइन शिकायत की गई। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच अधिकारी नियुक्त किया। जिसमें खाद्य अधिकारी दुर्ग, तहसीलदार, पटवारी और आर आई को भेजा गया। अब जिला प्रशासन की जांच के बाद सरपंच-उपसरपंच इस मुनादी से मुकर गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच श्रीमती सीमा चुरेंद्र और उप सरपंच संदीप यादव की सहमति के बिना ऐसी अवैध मुनादी नहीं हो सकती। ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की है।

■ ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की

## पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और शिव पुराण की कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम



मां भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष अखंड दीप तथा गुरुदेव के तप के सौ वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री प्रज्ञापीठ व समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में बाजार पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व शिव पुराण की कथा जारी है। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक महायज्ञ हो रहा है, वही जिसमें दोपहर 1 बजे तक शाम 5 बजे तक संगीतमय भजन व शिव कथा जारी है। यहां प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन ने वात्सल्य की व्याख्या की। दुर्ग से आदर्श महिला समूह की स्नेहलता साहू ने बच्चों को निःशुल्क गायत्री मंत्र लेखन सहित गुरुदेव द्वारा रचित पुस्तके भेंट की वही गायत्री परिवार के कार्यकर्ता , पंचराम देशमुख, माधव देशमुख,हेमराज निर्मलकर, निखिल साहू, ओम प्रकाश साहू, रोहित कुमार देशमुख, कुंती देशमुख रुक्मणि साहू, ईश्वरी साहु सहित अन्य की सहभागिता है।

## वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा




प्रिज्म पब्लिक स्कूल, ग्राम महकाखुर्द में 13वे वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रियर एडमिरल अतुल चंद्र तिवारी , विशिष्ट अतिथि रिसाली नगर निगम, वार्ड 1 पार्षद सविता ढवस एवं विशेष अतिथि ग्राम पंचायत महकाखुर्द की सरपंच अर्चना यादव, नगर पंचायत उतई के वार्ड 14 के पार्षद संगीत रजक एवं वार्ड 8 के पार्षद विजयलक्ष्मी साहू उपस्थित थे। इस दौरान प्रतिभावान बच्चों का अतिथियों ने सम्मान किया। वहीं पूर्व छात्रों हिमांशु वर्मा और हिमशिखा यादव को विशेष अकादमिक सफलताओं के लिए सम्मानित किया गया। प्राचार्य डुमेश कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। चेयरमैन रूपेश कुमार गुप्ता ने संस्था की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। प्राचार्या स्वर्णलता पाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सदस्य पारामिता मोहंती, संस्था के डायरेक्टर असीम साहू एवं ख्याति साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की शिक्षिका पायल देवांगन और श्रेया श्रीवास्तव ने किया।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम करने निगम ने किया 19985 घरों का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर निगम भिलाई क्षेत्र में मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत डेंगू, मलेरिया, मच्छर, लार्वा की उत्पत्ति के नियंत्रण हेतु कार्यवाही की जा रही है । इस हेतु आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का विशेष दस्ता तथा जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर मच्छर उन्मूलन हेतु कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत स्पेयर पम्प से मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु पानी मिश्रित एक्यूगार्ड एवं व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु मेलाथियान का छिड़काव, जल निकासी, कूलर, ड्रम, कन्टेनर इत्यादि जगहों पर जहां पुराने पानी के जमाव हो ऐसे जगहों को साफ भी किया जा रहा है। इसी प्रकार अन्य स्त्रोत फ्रीज-ट्रे, टायर, गमला आदि का भी निरीक्षण किया गया है। घरों के कुछ जगहों पर लार्वा पाया जाता है, तो उसका वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन किया जा रहा है।

■ भिलाई निगम का मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम

नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत 1 अप्रेल 2025 से 16 जनवरी 2026 तक कुल 19985 घरों का सर्वे किया गया है। जिसमें 3708 कुलर, 2705 पानी की टंकी, 3550 ड्रम, प्लास्टिक एवं कंटेनर के पुराने जमा पानी को खाली कराया गया है। आम नागरिकों में डेंगू, मलेरिया के बचाव हेतु जनजागरूकता लाने के उददेश्य से 3350 पाम्पलेट का वितरण किया गया है। डेंगू व मलेरिया से बचाव एवं मच्छर उन्मूलन जनजागरूकता अभियान में जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव, उमेश कपूर, निगम से सुदामा परगनिहा, राजेश डहरे उपस्थित रहे।

## चंद्राकर समाज को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



चंद्राकर समाज परिक्षेत्र जामगांव एम, सांतरा एव जामगांव आर, की संयुक्त बैठक सामाजिक भवन पाटन में रखी गई। बैठक में समाज को मजबूत करने विचार किया गया।विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि चंद्राकर समाज सदैव सामाजिक समरसता, संस्कार और एकता का प्रतीक रहा है। वर्तमान समय में समाज को और अधिक संगठित, जागरूक एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से लोकमनी चंद्राकर अध्यक्ष उपक्षेत्र जामगांव एम, घुरऊराम चंद्राकर अध्यक्ष उपक्षेत्र सांतरा, चेतन चंद्राकर अध्यक्ष उपक्षेत्र जामगांव आर, लवकुश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, सियाराम चंद्राकर, श्यामलाल चंद्राकर, कमलनारायण चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, शीतल चंद्राकर, हरीराम चंद्राकर, कृष्णकुमार चंद्राकर, भेनकुमार चंद्राकर, रमेश कुमार चंद्राकर, कान्तुराम चंद्राकर, राजूलाल चंद्राकर, श्रीमती उपासना चंद्राकर,श्रीमती स्वर्णा चंद्राकर,श्रीमती दुर्गा चंद्राकर, श्रीमती नीता चंद्राकर आदि उपस्थित थे।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शास्त्री अस्पताल को भेंट की तीन व्हील चेयर

**भिलाई।** नर सेवा ही नारायण सेवा शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा मानवता की सेवा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अस्पताल में आने वाले मरीज जिन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल (सुपेला) को 3 व्हील चेयर भेंट की गईं।अस्पताल प्रबंधन के मार्गदर्शन और आवश्यकतानुसार दी गई ये व्हील चेयर मरीजों के आवागमन को सुगम बनाएंगी। समिति का लक्ष्य सदैव समाज के जरुरतमंदों की सहायता करना है। इस दौरान रोहन समेत समिति के लोग मौजूद थे।

### शक्ति योजना के लिए 22 हजार महिलाओं ने भरे फार्म



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा में विधायक रिकेश सेन की शक्ति योजना को अच्छा समर्थन मिला है। योजना के लिए करीब 22 हजार कामकाजी महिलाओं ने फार्म जमा किए हैं। स्क्रूटनी और वेरिफिकेशन के बाद लोकांगन परिसर से योजना का शुभारंभ किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी देखी गई। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि शक्ति योजना का उद्देश्य दूसरों के घरों में काम कर परिवार का भरण-पोषण कर रही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सुविधाएं और स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। शक्ति योजना से जुड़ी महिलाओं को निःशुल्क साक्षरता, कंप्यूटर और कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जांच, स्वरोजगार सहायता और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस पहल से हजारों मेहनतकश महिलाओं के जीवन में आत्मसम्मान और स्वावलंबन की नई राह खुलेगी।

### लाखों रुपए के गांजा समेत आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मोहन नगर पुलिस को मुखबिर की सूचना पर अंडरब्रिज के पास नीले रंग के पिट्ठू बैग में गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में अपना नाम महाराणा पाड़ा, ग्राम पंडीगांव, जय पटना, जिला कालाहांडी ओडिशा निवासी चैतन्य सबर बताया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 3 पैकेट गांजा का 160 किलो गराम बरामद किया। जिसकी कीमत 1.58 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कार्रवाई में मोहन नगर टीआई केशव राम कोशले समेत उनकी टीम मौजूद थे।

### जम्बूरी में फूड प्लाजा प्रदर्शन में दुर्ग का रहा बेहतर प्रदर्शन



**दुर्ग ।** प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 का आयोजन बालोद के ग्राम दुधली में किया गया। जिले से 84 रोवर, 85 रेंजर, 22 स्कॉउटर और 15 गाइडर राज्य सहित 206 ने अपनी प्रतिभागिता एवं सहभागिता दी। जम्बूरी में छत्तीसगढ़ राज्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 9 ए ग्रेड और 6 बी ग्रेड प्राप्त किया। इस अवसर पर जिले के स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन में उनकी सराहना भी की गई। कार्यक्रम को लेकर अशोक देशमुख, सुनिता संजय बोहरा, जीत यादव, डीईओ अरविन्द मिश्रा, प्रदीप महिलांगे, श्रवण सिन्हा, लिंक अधिकारी तनवीर अकील, डीटीसी स्कॉउट नीरज साहू सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

# मजदूर विरोधी लेबर कोड के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल को लेकर यूनियनें एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सार्वजनिक उपक्रमों पर निजीकरण के कस रहे शिकंजे के खिलाफ श्रमिक संगठनों द्वारा विरोध तेज किया जाएगा। केंद्र सरकार के लेबर कोड सहित अन्य मांगों को लेकर अखिल भारतीय हड़ताल को भिलाई इस्पात संयंत्र में भी सफल बनाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। इसके लिए कर्मियों को एकजुट कर जागरुक किया जाएगा। संयुक्त यूनियन द्वारा 12 फरवरी को बीएसपी प्रबंधन को हड़ताल का नोटिस दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा पुरानी 32 श्रम कानूनों को हटाकर लेबर कोड को लागू किया जा रहा है। यूनियनें इसे जन विरोधी बताते हुए निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम बता रही हैं। केंद्रीय यूनियनों लेबर कोड के खिलाफ 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। इसके तहत बीएसपी में भी हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन ने रणनीति बनानी शुरु कर दी है। इस संबंध में संयुक्त यूनियन की इंटक कार्यालय सेक्टर 3 में हुई अहम बैठक में कर्मियों को एकजुट व जागरुक कर संयंत्र में हड़ताल को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में सरकार की 4 श्रम संहिताओं को मजदूर विरोधी बताते हुए अपूर्ण सेल वेतन समझौते को अब तक पूर्ण नहीं किए जाने पर असंतोष जताया गया। यूनियन के मुताबिक सेल कर्मियों के 39 महीने के एरियर्स, एचआरएस और इंसेंटिव तथा ठेका मजदूरों की 20 प्रतिशत कटौती और चौतरफा शोषण के खिलाफ सरकार व प्रबंधन की उदासीनता के लिए आड़े हाथ लिया गया। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर 12 फरवरी को बीएसपी प्रबंधन को नोटिस दिए जाने की निर्णय लिया गया। बैठक में इंटक से संजय साहू, जीआर सुमन, पूरन वर्मा, शिवशंकर सिंह, गुरुदेव साहू, सीटू से टी जोगाराव, अनूप साह, कृष्ण सुंदर, एटक से विनोद कुमार सोनी,शिवनारायण, एक्टू- बृजेंद्र तिवारी, रुपेश कोसरे, लोइमू- सुरेंद्र मोहंती,देवेंद्र सोनी,प्रभाकर दाते, व एचएमएस के ए मैथ्यू आदि उपस्थिति थे।

## संयुक्त यूनियन भिलाई इस्पात संयंत्र को देगा 12 को नोटिस

### एरियर्स को लेकर वादाखिलाफी

चार साल पूर्व दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में सेल कर्मियों के वेतन समझौता को लेकर कई विसंगतियां थीं। एनजेसीएस यूनियनों द्वारा विसंगतियों के तहत 39 महीने के लंबित एरियर्स के भुगतान की मांग की गई। यूनियनों के किश्तों में भुगतान करने के प्रस्ताव पर प्रबंधन ने मौखिक सहमति दे दी थी। लेकिन अब तक एरियर्स का भुगतान नहीं किया गया। समझौता के अपूर्ण होने से एरियर्स सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिलने से कर्मियों को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। इससे कर्मियों में असंतोष है।



## समस्या : विकल्प के रूप में लोग ले रहे लंबी दूरी की बसों का सहारा

# ट्विनसिटी के मुसाफिरों पर भारी पड़ रही ट्रेनों की घंटों लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसी स्लीपर बसों में शिफ्ट हो रहे मुसाफिर मुंबई कोलकाता व गोवा से लेकर प्रयागराज व हैदराबाद तक दौड़ रही सैकड़ों बसें ट्विनसिटी से गुजरने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी मुसाफिरों पर भारी पड़ रही है। आमतौर पर ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री अब परेशान होकर धीरे धीरे रात्रिकालीन एसी स्लीपर बसों की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। बसों से प्रदेश के अलावा अन्य महानगरों व अन्य शहरों में सफर करने वाले लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। मुसाफिरों के लिए बसों में आवागमन आरामदेह होने के साथ द्रुतगामी भी है।

पिछले लंबे समय से मुंबई- हावड़ा रेल मार्ग सहित अन्य रुट की गाड़ियों विलंब से चल रही हैं। यह लेटलतीफी अब बढ़ती जा रही है। पहले माल गाड़ियों को पासिंग देने और अब चौथे ट्रैक की तैयारी व मेंटेनेंस के चलते अधिकतर ट्रेनें पांच से दस घंटे लेट चल रही हैं। इस कारण यात्रियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे बचने के लिए अनेक लोग अब भिलाई दुर्ग से गुजरने वाली रात्रिकालीन एसी स्लीपर बसों में सफर करने मजबूर हो रहे हैं। दुर्ग से करीबन सौ बसें रोज नागपुर -जगदलपुर बैलाडीला रुट व अंबिकापुर रुट सहित देशभर के शहरों व महानगरों के लिए आवाजाही कर रही हैं। इनमें सैकड़ों यात्री सफर कर रहे हैं। यात्रियों के मुताबिक स्लीपर बसें गंतव्य स्थल तक जल्द पहुंचाने के साथ आरामदेह भी हैं। बसे ट्रांसपोर्ट कंपनी से जुड़े लोगों के मुताबिक मुंबई, पुणे, कोलकाता, हैदराबाद से लेकर अहमदाबाद, रांची, प्रयागराज तक देश के हर शहर के लिए बसें दौड़ रही हैं। महेंद्र ट्रवल्स भिलाई के बुकिंग अभिकर्ता शंकरलाल गणेशानी बताते हैं कि दुर्ग से करीबन सौ व रायपुर से 8 सौ एसी स्लीपर बसे देश के विभिन्न शहरों के लिए चल रही हैं। इनमें हजारों लोग रोज यात्रा कर कर रहे हैं। स्लीपर होने से यात्रा आरामदायक व फास्ट होने से लोगों को सुविधा होती है।

## लग्जरी बसों में मिल रही टायलेट, एसी व सोने की सुविधा



### बसें स्पीडेबल होने के साथ आरामदेह भी

टिवनसिटी से गुजरने वाली बसें आरामदेह होने के साथ इनकी स्पीड भी अधिक है। यह बसें ट्रेनों की तरह 100 से 120 प्रति घंटे की स्पीड से चलती हैं। बस ट्रांसपोर्ट कंपनी के लोगो के अनुसार एसी स्लीपर बसें 32 से 36 सीटर होती हैं। स्लीपर होने से सोते हुए सफर कब कट जाता है पता ही नहीं चलता। मुंबई, गोवा जैसे दूरस्थ शहरों के लिए बस सेवा है। मुंबई से कोलकाता के लिए भी बस चलती है। कुछ बसो में एसी ट्रेन कोच की तरह ब्रेकफास्ट टैबल के साथ टायलेट आदि सुविधा भी उपबल्ध है।

### ट्रेनों में विलंब और आरक्षण के कारण बसों में रुझान

लंबी दूरी की एसी स्लीपर बसें शहर के मुसाफिरों के लिए इसलिए पसंदीता होती जा रही हैं क्योंकि यह फास्ट व सुविधाओं से लैस होने के साथ सफर भी आरामदायक होता है। बसों में स्लीपर से लेकर टायलेट तक की सुविधा होती है। वहीं बसें गुलाबीनगरी जैयपुर से लेकर धार्मिक नगरी बाबा श्याम खाटू तक देश भर के लिए जाती हैं। जेके ट्रवल्स भिलाई के संचालक जितेंद्र कुमार मिश्रा बताते हैं कि रेलों के विलंब व ट्रेनों में नो रुम होने आदि के चलते लोग बसों में सफर करना अधिक पसंद कर रहे हैं। ऐसी स्लीपर बस में ट्रेन के एसी कोच से अधिक सुविधा यानी कंबल, पिलो, चादर उपलब्ध होने के साथ टायलेट आदि की भी सुविधा होती है।

### शादी से लेकर इंटरव्यू तक प्रभावित

ट्रेनों की लगातार घंठों लेटलतीफी से यात्रियों को कई तरह की परेशानी हो रही है। परीक्षाएं, विवाह व गमी आदि कार्यक्रमों, स्वास्थ्य आदि कार्यों से बाहर जाने वाले रेल यात्रियों को हलाकान होना पड़ रहा है। यात्रियों ने बताया कि मुंबई हावड़ा रुट व पुरी मार्ग की गाड़ियो के पांच से सात घंटे विलंब से चलने के कारण अब ट्रेन का सफर तकलीफदेह होता जा रहा है। इसके चलते हमें मजबूरन फेयर कुछ अधिक होने के बाद भी बसों मे यात्रा करना पड़ रहा है।

# ब्लॉक अध्यक्षों ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल से की मुलाकात, जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के हाल ही में नियुक्त किए गए सभी ब्लॉक अध्यक्षगणों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, भूपेंद्र यादव के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भिलाई 3 निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों ने पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपे गए नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सौजन्य मुलाकात के दौरान सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे, आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे तथा पार्टी की विचारधारा और जनकल्याणकारी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर नर्सिंग नाथ, जी राजू, गुड्डा खान, सौरभ मिश्रा, सौरभ दत्ता, दानेश्वरी साहू, दिनेश पटेल, सीजू एंथोनी, एकांश बंछोर, सुमित पावर सहित अन्य मौजूद थे।

# डुण्डेरा में विधायक ने किया 1 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डुण्डेरा, वार्ड क्रमांक 35 डुण्डेरा पश्चिम में आज विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिली। दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण और अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने करीब 1 करोड़ रुपये के नवीन विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर प्रीकास्ट आरसीसी यू-ड्रेन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया, जिसकी कुल लागत 48.73 लाख रुपये है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 35 में दो प्रमुख डामरीकृत सड़क संधारण कार्यों का शुभारंभ भी किया गया। पहला कार्य दशरथ साहू के निवास से नरसिंग देवांगन के निवास तक, जिसकी लागत 25.80 लाख रुपये है, जबकि दूसरा कार्य रामकुमार चक्रधारी के निवास से शिवकली केसरी के निवास तक किया जाएगा, जिसकी लागत 24.55 लाख रुपये है।

इस मौके पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर गांव तक विकास पहुंचे, यही उनकी प्राथमिकता है और इन कार्यों से स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

विधायक चंद्राकर ने राज्य सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को सरकार की विकास नीति का आधार बताते हुए उन्होंने संवेदनशील शासन और त्वरित निर्णय को सरकार की पहचान बताया। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व सभापति लुमेश्वर चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, पार्षद खिलेंद्र विक्की चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## धर्मांतरित हो चुके सिख समाज की ओर लौटें, गुरमत के मार्ग पर एकजुट हों



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सिख पंचायत एवं यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जन देव हाउसिंग बोर्ड में भव्य रूप से गुरु मान्यो ग्रंथ चेतना समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत बाबा रणजीत सिंह खालसा ढडरियांवाले का सान्निध्य लोगो को मिला।

कार्यक्रम में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। समागम के दौरान सिख समाज की सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकित सिंह और महासचिव जसवंत सिंह सैनी को संत बाबा रणजीत सिंह खालसा द्वारा सरोपाव भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाबा रणजीत सिंह खालसा ने सिख समाज के उन लोगों की घर वापसी अपील की पहल करने सराहना की, जो विभिन्न कारणों से अन्य धर्म-पंथों में धर्मान्तरित हो चुके हैं। उन्होंने सिख समाज से इस विषय पर जागरूक होने, समाज को एकजुट रखने एवं गुरमत के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा ऐसे परिवार या व्यक्ति फिर से सिख धर्म में घर वापसी करते हैं, तो यूथ सिख सेवा समिति भिलाई उन्हें सामाजिक, धार्मिक और मानवीय स्तर पर हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करेगी ताकि वे सम्मानपूर्वक और सहज रूप से समाज से फिर से जुड़ सकें।

## भिलाई में सीमाकर वसूली को लेकर पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जारी किए गए सीमाकर, निर्यात कर (टर्मिनल टैक्स) नोटिसों पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद भी निगम द्वारा उद्योगों पर कर लगाना गंभीर विषय है और इससे प्रदेश की औद्योगिक छवि को नुकसान पहुँच रहा है। श्री पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी को प्रतिलिपि के माध्यम से इस विषय से अवगत कराया है।

श्री पाण्डेय के पत्र के अनुसार नगर निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र में कार्यरत लगभग 50–60 लघु एवं मध्यम उद्योगों को नोटिस जारी कर भारी राशि की मांग की है। यह मांग वर्ष 2017–18 से 2024–25 तक की अवधि के लिए की गई है। निगम ने इन नोटिसों में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 और मध्यप्रदेश नगर पालिका सीमा से निर्यातित वस्तुओं पर टर्मिनल टैक्स नियम 1996 (नियम 4 और 7) का हवाला दिया है। श्री पाण्डेय ने पत्र में स्पष्ट किया कि 1 जुलाई 2017 से देशभर में जीएसटी लागू हो चुका है। संविधान के 101वें संशोधन अधिनियम, 2016 और अनुच्छेद 246 व 269 के अनुसार वस्तुओं के उत्पादन, विक्रय, आपूर्ति और परिवहन पर कराधिकार केवल केंद्र और राज्य सरकारों को है।

ऐसे में नगर निगम द्वारा टर्मिनल टैक्स वसूली करना अब कानूनी रूप से अप्रभावी है। उन्होंने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 265 का उल्लंघन है, क्योंकि कर केवल विधि द्वारा ही लगाया जा सकता है।

### निवेश और रोजगार पर पड़ रहा विपरीत असर

पाण्डेय ने कहा कि सीमाकर से उद्योगों का उत्पीड़न हो रहा है, निवेश और रोजगार पर विपरीत असर पड़ रहा है तथा राज्य की औद्योगिक छवि को नुकसान पहुँच रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव से मांग की है कि निगम द्वारा जारी सभी नोटिसों की तत्काल जांच और विधिक समीक्षा कराई जाए। साथ ही नगरीय प्रशासन विभाग से स्पष्ट शासनादेश जारी कर नगर निगमों को ऐसे कर लगाने से रोका जाए। उन्होंने कहा कि अंतिम निर्णय तक निगम द्वारा वसूली पर रोक लगाई जाए और उद्योगों/फैक्ट्रियों पर दंडात्मक या सीलिंग जैसी कार्रवाई न की जाए।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि जीएसटी लागू होने के बाद नगर निकायों को क्षतिपूर्ति के रूप में जीएसटी का हिस्सा दिया जाता है। अनुच्छेद 243 एक्स के तहत नगर निकायों को वित्तीय अधिकार सुनिश्चित किए गए हैं।

## 28 विद्यालयों के 196 पेंटिंग व 35 रंगोली में छात्र-छात्राओं का हिस्सा

# रोड सेफ्टी और ट्रैफिक नियम को लेकर रंगोली पेंटिंग स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सड़क सुरक्षा माह को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने शहीद पार्क सेक्टर-5 में रोड सेफ्टी एवं ट्रैफिक रूल्स थीम पर रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान शहर 28 विद्यालयों से 196 पेंटिंग और 35 रंगोली बनाने छात्र-छात्राएं पहुंचे। इसमें सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश रचनात्मक शैली में पेश किया। प्रतिभागियों ने अपने चित्रों एवं रंगोली के माध्यम से हेलमेट के उपयोग, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल के पालन, तेज गति से वाहन न चलाने, सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने, जिम्मादरी नागरिक बनने जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से उकेरा है। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक समूह स्वयं सिद्धा द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, रैश ड्राइविंग से बचने, ट्रिपल सवारी न करने, ड्रिंक एंड ड्राइव न करने अन्य ट्रैफिक नियमों के पालन करने छात्र-छात्राओं अभिभावकों को जागरूक करना है। विशेष रूप से अभिभावकों को यह संदेश दिया गया कि वे 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन चलाने की अनुमति न दें। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

## सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, हेलमेट का उपयोग, सीट बेल्ट दिखा



### पालकों को दी गई जानकारी

प्रतियोगिता में एएसपी ट्रैफिक सुश्री ऋचा मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से सड़क हादसों के उदाहरण पेश किए। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। सभी से ट्रैफिक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने, सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी आदत में शामिल करने, दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की है। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, ट्रैफिक नियमों के पालन को व्यवहार में उतारने, समाज में सुरक्षित ट्रैफिक संस्कृति विकसित करने का प्रभावी संदेश दिया गया।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02



देवी मंदिरों में आज से गुप्त...


**लाइव इवेंट**

## नए सदस्यों ने जाना जेसीआई का वैश्विक नेटवर्क, विचारधारा और उद्देश्यों से कराया अवगत



**दुर्ग।** जेसीआई सत्र 2026 के अध्यक्ष संतोष रानू कुमार के नेतृत्व में टीम लक्ष्य द्वारा नए सदस्यों के स्वागत एवं संगठनात्मक परिचय को लेकर जेसीआई वर्ल्ड फिस्टा ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक अनूठी वर्ल्ड टूर थीम पर आधारित रहा, जिसमें अमेरिका, चीन, फ्रांस एवं इटली जैसे देशों की संस्कृति, प्रमुख मॉन्यूमेंट्स तथा वहां के पारंपरिक व्यंजनों की जीवंत प्रस्तुति देखने को मिली। विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं गतिविधियों के माध्यम से नए एवं पुराने सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव को भी सशक्त किया गया। ट्विंकल खेमुका पारख ने बताया कि इस अवसर पर संगठन से इस वर्ष जुड़े 33 नए सदस्यों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। ओरिएंटेशन सत्र के माध्यम से नए सदस्यों को जेसीआई संस्था की विचारधारा, उद्देश्य, कार्यप्रणाली, विज़न, नेतृत्व के अवसरों एवं व्यक्तिगत विकास से जुड़े लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस सत्र का प्रभावशाली संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रशांत गोलछा एवं पूर्व अध्यक्ष मोनिश अग्रवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए जेसीआई के मूल मूल्यों को सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से प्रस्तुत किया। संचालन सचिव तोरण स्वाति अटल के सहयोग से संपन्न हुआ। निदेशक के रूप में प्रमोद सरण्या सेठिया एवं अतुल प्रीति जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी चंद्रेश प्रीति राठी द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम के लिए वाइस प्रेसिडेंट इन-चार्ज के रूप में विवेक खुशबू संघवी ने समन्वय किया, वहीं कार्यक्रम मेंटर के रूप में आदित्य छाया राठी का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट (आईपीपी) आलोक रचना अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति भी रही।

**लाइव इवेंट**

## जिले के सभी प्राथमिक हेल्थ सेंटर में प्रथम रहा भिलाई-तीन



**भिलाई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 ने दुर्ग जिला में स्थित 21 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 99.4%अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मिशन संचालक स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा राज्य के 2024-25 कायाकल्प प्रोग्राम अंतर्गत स्वच्छता, गुणवत्ता,ओर स्वास्थ्य सेवाएं का मूल्यांकन सह अंकेक्षण की रिपोर्ट जारी कर दी है। प्रभारी डॉ. शिखर अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में सबसे अधिक प्रसव यहां होते हैं। वहीं ओपीडी और आई पी डी में सर्वाधिक मरीजों को देखने के साथ यहां लैब टेस्टिंग, फार्मास्युटिकल दवा की उपलब्धता, चिकित्सक और पैरा मेडिकल स्टाफ का मरीजों से व्यवहार और मरीजों की स्वास्थ्य सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में बड़ी उपलब्धि रही है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुवनेश्वर कुमार कठौतिया और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन आर एम ए श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा ने कहा कि हम लगातार लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ मॉडल अस्पताल का स्वरूप दे पाने में सफल हुए हैं। बीईटीओ सैय्यद असलम ने कहा कि हम पुनः मरीजों की स्वास्थ्य सेवाएं देने में अपना विश्वास क्वालिटी, स्वच्छता और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अव्वल साबित हो पाए इसका पूरा श्रेय टीम वर्क को जाता है। सभी कैडर ने स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

**लाइव इवेंट**

## भोजन के साथ ठंड से बचने दिया कंबल, 300 जरुरतमंदों के चेहरो पर दिखी खुशी



**भिलाई।** दान-पुण्य का पर्व मकर सक्रांति के अवसर पर जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग द्वारा दो दिनों तक विभिन्न स्थानों में जरूरतमंदों को जरूरत की सामग्री दान की गई। संस्था सभी पर्व और त्यौहार गरीब, असहाय और जरूरतमंदों के साथ ही मानते आ रहे है, इसी क्रम में दान-पुण्य के सबसे बड़े पर्व मकर सक्रांति के अवसर पर जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग द्वारा दो दिनों तक दुर्ग के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मालवीय नगर चौक, समृद्धि बाजार, अंजोरा चौक से लेकर पावर हाउस तक सभी फुटपाथ और मंदिरों के समाने रहकर अपना जीवन यापन कर रहे सभी दिव्यांग, जरूरतमंद पुरुष एवं महिलाओं को कम्बल, तिल की मिठाई, समोसा, नमकीन एवं चावल, दाल, सब्जी, चटनी का वितरण किया गया। साथ ही पूरे शहर में घूम घूमकर लगभग 300 से ज्यादा जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में जन समर्पण सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी सहित संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**डॉग लवर्स का खास दिन... 7वीं वाहिनी के ट्रेंड डॉग्स ने 800 से ज्यादा केस सुलझाने का बनाया रिकॉर्ड**

# डॉग शो में दिखा 200 से ज्यादा कुत्तों का टैलेंट, पुलिस डॉग्स के करतबों ने चौंकाया, ल्हासा एप्सो, इंग्लिश मास्टिफ, ग्रेट डेन दुर्लभ ब्रीड्स भी दिखे

**छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 ग्राउंड भिलाई में भव्य डॉग शो का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी डॉग लवर्स अपने पालतू कुत्तों के साथ पहुंचे। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा 7 वीं बटालियन के पुलिस डॉग्स और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के ट्रेंड जर्मन शेफर्ड डॉग को सम्मानित किया गया। इस शो का सबसे महंगा डॉग केन कोर्सो था। इसकी कीमत करीब डेढ़ से दो लाख रुपए हैं।**













**भिलाई।** डॉग शो में विदेशी नस्लों के साथ देशी भारतीय नस्ल के कुत्तों की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली। डॉग शो का सबसे बड़ा आकर्षण छत्तीसगढ़ पुलिस के ट्रेंड डॉग रहे। इन प्रशिक्षित कुत्तों ने एक के बाद एक रोमांचक प्रदर्शन कर दर्शकों को हैरान कर दिया। ट्रेंड डॉग्स ने फायर जंप जैसी कठिन गतिविधियां कीं और अपनी असाधारण सूंघने की क्षमता से मिट्टी के नीचे छिपाए गए बम को खोज निकालकर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स एसोसिएशन के फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ. सुशेभन रॉय ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रोफेशनली ट्रेंड डॉग और नॉन ट्रेंड डॉग की अलग-अलग कैटेगरी रखी गई है। दोनों श्रेणियों में 8-8 कुल 16 पुरस्कार दिए जाएंगे। डॉग शो में भारतीय देशी नस्ल के अलावा ल्हासा एप्सो, इंग्लिश मास्टिफ, ग्रेट डेन, रॉटविलर, पग, जर्मन शेफर्ड, डाबरमैन, केन कोर्सो, लैब्राडोर रिट्रीवर और बेल्जियम शेफर्ड जैसी लोकप्रिय नस्लों के कुत्ते शामिल हुए। बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने डॉग शो का भरपूर आनंद लिया। शो स्थल पर विभिन्न कंपनियों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां कुत्तों के स्वास्थ्य से जुड़ी दवाइयों, आहार और उत्पादों की जानकारी दी गई। डॉग शोग को देखने बड़ी संख्या में आम जनता भी पहुंचे हुए थे। सभी डॉग्स के लिए पानी, कूलर की भी व्यवस्था की गई थी। वहीं इस शो की सबसे महंगी डॉग केन कोर्सो इटली की नस्ल का कुत्ता है, जिसे प्राचीन रोम काल से विकसित किया गया है और यह एक शक्तिशाली मास्टिफ़ नस्ल है, जिसे मुख्य रूप से रखवाली, शिकार और खेती के कामों के लिए पाला जाता था।







### जजों ने की कुत्तों की कड़ी जांच

चंडीगढ़ पंजाब से पहुंचे जज जीना निक्स मान और उनके सहयोगी रमन मान ने बताया कि सभी कुत्तों के स्टेग पोजिशन, बॉडी स्ट्रक्चर, दांत, चलने का तरिके की जांच की गई। डॉग ओनर्स को कुत्तों के साथ रिंग राउंड कराए गए। जांच में श्रेष्ट पाए गए डॉग को आगे के राउंड के लिए सिलेक्ट किया गया। उन्होंने बताया कि देशी और विदेशी दोनों नस्लों के कुत्तों की शारीरिक जांच की गई। नई और दुर्लभ नस्लों के कुत्ते देखने मिले। साथ ही 'देसी और भारतीय नस्ल के कुत्ते भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### पुलिस डॉग ट्रेनिंग यूनिट का दमदार प्रदर्शन

7 वीं बटालियन की डिप्टी कमांडेंट प्रज्ञा मेश्राम ने बताया कि डॉग शो में कुल 15 डॉग शामिल हुए, जिसमें डोबरमैन, बेल्जियम शेफर्ड और लैब्राडोर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सातवीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, राज्य की एकमात्र अधिकृत पुलिस डॉग प्रशिक्षण संस्था है। यहाँ से प्रशिक्षित स्वान अपराध अनुसंधान, विस्फोटक पदार्थों की पहचान तथा वर्ष 2021 से नारकोटिक्स खोज जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अब तक 300 से अधिक पुलिस डॉग को वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। छह माह के विशेष प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षित स्वानों को राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात किया जाता है। वर्ष 2025 तक स्वान दल ने लगभग 800 से अधिक चोरी और हत्या प्रकरणों के अनुसंधान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इसी प्रकार विस्फोट खोजी स्वानों द्वारा लगभग 700 से अधिक आईईडी, कुकर बम एवं अन्य विस्फोटक पदार्थों का पता लगाकर जन–धन की संभावित हानि को रोका गया है।







### डॉग को मिला सम्मान अपनापन बन जाता है-रिकेश सेन

डॉग शो कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि पिछले 26 वर्षों से यह आयोजन भिलाई का मान और सम्मान बढ़ाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसी डॉग को पुरस्कार मिलता है तो डॉग ओनर्स को ऐसा महसूस होता है जैसे वह सम्मान उन्हें स्वयं मिला हो। यही डॉग के प्रति प्रेम और लगाव का सच्चा परिणाम है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि डॉग केवल पालतू जानवर नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा होते हैं। उनके प्रति जिम्मेदारी, देखभाल और संवेदनशीलता समाज की सोच को भी बेहतर बनाती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स एसोसिएशन के फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ. सुशोभन रॉय की सराहना करते हुए कहा कि उनके वर्षों से किए जा रहे निरंतर प्रयासों के चलते आज जिले में डॉग लवर्स की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस तरह के आयोजनों से न सिर्फ जागरूकता बढ़ती है, बल्कि लोगों में पशु प्रेम और जिम्मेदार पालतू संस्कृति को भी मजबूती मिलती है।

**सेक्टर-1 सड़क-11 के मैदान में 27 जनवरी तक सत्संग का आयोजन, हर दिन भगवान के स्वरूपों का बखान**

**कार्नर न्यूज**

# शहरवासियों के कल्याण के लिए गुप्त नवरात्रि पर पांच कुंडीय महालक्ष्मी यज्ञ और भागवत कथा का आगाज, निकली कलश यात्रा

**भिलाई।** शहरवासियों के कल्याण के लिए गुप्त नवरात्रि पर रविवार को पांच कुंडीय महालक्ष्मी यज्ञ और भागवत कथा का आगाज हुआ। पहले दिन कलश यात्रा ने नगर भ्रमण किया। 27 जनवरी तक सेक्टर वन सड़क 11 के मैदान में सार्वजनिक जनमानस कल्याणर्थ यह आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य पंडित विवेकानंद हैं। पहले दिन कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। गाजे-बाजे के बीच माता गंगा का आव्हान किया गया। इसके बाद कलश में जल लेकर कथा स्थल पहुंचा गया। अभिषेक और पूजन के साथ कथा प्रारंभ की गई। आयोजन सनातन धर्म एकता संघ और श्यामाचरण भारत संघ के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर 1 में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अमित मोदी, संतोष पिल्ले, डॉ. पवन तिवारी, आस्था हॉस्पिटल, डॉ. वैद्यनाथ, रत्नाकर मिश्रा, शकुन्तला साहू, धीरेन्द्र मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।



### आज मंडप प्रवेश, अग्नि मंथन और हवन आहुति

कथावाचक आचार्य पंडित विवेकानंद ने बताया कि 19 जनवरी को सुबह 9 बजे मंडप प्रवेश मंडप पूजन का कार्यक्रम होगा। सुबह 10 बजे अग्नि मंथन, 11:00 बजे हवन आहुति एवं दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक भंडारा का कार्यक्रम होगा। 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे कन्या पूजन, शाम 4 बजे हवन पूर्णिमा होगी। शाम 4 बजे से महा भंडारा प्रसादी का वितरण होगा। प्रतिदिन भागवत महापुराण कथा दोपहर 3 बजे से हरि कृपा तक एवं महाआरती प्रतिदिन शाम 6 बजे संपन्न होगी। आचार्य पंडित विवेकानंद कथा वाचक के अनुसार सार्वजनिक जनमानस कल्याण हेतु गुप्त नवरात्रि पर्व पर पंच कुंडीय महालक्ष्मी यज्ञ एवं सत्संग भागवत कथा विशेष महत्व है।



सिटी इवेंट

## हिंदी अपनी जड़ों से जुड़े रहने का है माध्यम, इसे समझें



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी पढ़ना केवल पाठयक्रम की आवश्यकता नहीं बल्कि भारतीय जीवन दृष्टि, संस्कृति और संवेदना को समझने का सशक्त माध्यम है। इसके अध्ययन से व्यक्ति के विचार, भाषा और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। आज के वैश्वीकरण और तकनीकी युग में हिंदी अपनी जड़ों से जुड़े रहने का माध्यम है। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ करता है और मानवीय संवेदना को प्रसारित करता है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.अभिनेष सुराना ने स्वागत उद्बोधन में हिंदी भाषा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा के वैश्विक महत्व को बताना, प्रचार - प्रसार करना एवं सांस्कृतिक मूल्यों को जन - जन तक पहुंचाना है । जिससे हिंदी भाषा राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी बने और इसके माध्यम से भारतीय मूल्य विश्व पटल पर स्थापित हो। कार्यक्रम में आट्र्स क्लब की संयोजक एवं अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष डॉ मर्सी जॉर्ज ने आट्र्स क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के अंतर्गत बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा रौशनी द्विवेदी ने जन जन की भाषा हिंदी कविता का सस्वर पाठ , दावेंद्र एम ए चतुर्थ सेम द्वारा हेलमेट जरूरी है कविता, एम ए के हरीश साहू, नूतन, भारती , सौरभ ने रश्मिरथी कविता एवं ऋतु और तन्वी ने भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ अम्बरीश त्रिपाठी ने एवं संचालन दीपांशु नेताम ने किया। उक्त कार्यक्रम में हिंदी विभाग के प्राध्यापक, डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. रजनीश उमरे, डॉ.शारदा सिंग, डॉ. लता गोस्वामी, शोधार्थी टेकलाल निराला, कपिल, बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समाज इवेंट

## स्वयंसिद्धा के वर्ष 2026 की कार्यकारी समिति का हुआ गठन, मिली जिम्मेदारी



**भिलाई।** स्वयंसिद्धा के पहले मासिक बैठक में वर्ष 2026 की नई कार्यकारी समिति का गठन किया गया। इस दौरान वर्ष भर के कार्यों की रूपरेखा बनाई गई। संक्रांति थीम पर आयोजित इस बैठक में समूह के सदस्यों ने सहभागिता की। छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था स्वयंसिद्धा की अध्यक्ष डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि बैठकों में सिर्फ बातचीत नहीं बल्कि कार्यशालाएं आयोजित की जाती है जिसमें संगीत और नाटक सिखाया जाता है। आज आयोजित बैठक में महिलाओं ने वॉइस माड्यूलेशन और बातचीत की कला सीखी। संस्था के वर्ष 2026 की कार्यकारी समिति की घोषणा की गई। जिनमें कार्यकारी अध्यक्ष रीता वैष्णव, सचिव राजश्री नायर, सहसचिव गीता चौधरी, कोषाध्यक्ष राजकुमारी कनोजे, सहकोषाध्यक्ष बिंदु नायक, सांस्कृतिक सचिव रूमा डे, सह सांस्कृतिक सचिव रंजना सूरज हैं। सदस्याओं ने बताया कि इस वर्ष सामाजिक सरोकार के कार्य तो जारी रहेंगे ही साथ ही पक्की धूप बैनर के अंतर्गत बुजुर्गों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन देबजानी मजूंमदार और आभार ज्ञापन राजश्री नायर ने किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग अनीता चक्रवर्ती एवं अरूप मजूंमदार का रहा।

सिटी इवेंट

## पीस ऑडिटोरियम में ब्रह्मा बाबा की 57 वीं स्मृति पर दी श्रद्धांजलि





**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में संस्था के साकार संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि सर्व के प्रति निस्वार्थ आत्मिक दृष्टि और कल्याण की भावना रहे। अपकारियों पर उपकार करना है तो संगठन में भी एक दूसरे के प्रति रहम की भावना रहे। ब्रह्मा बाबा कहते थे व्यर्थ संकल्पों की समाप्ति के लिए, अपने संगठन को शक्तिशाली व एकमत बनाने के (फेथ)विश्वास, दूसरा-समाने की शक्ति चाहिए। संगठन को जोड़ने का धागा है विश्वास। इसमें समाने की शक्ति ज्यादा चाहिए। व्यर्थ संकल्पों को समाना है। निराकारी, निरअहंकारी,निर्विकारी पिताश्री ब्रह्मा बाबा के अंतिम महावाक्य थे वे उन महावाक्यों के स्वरूप में स्थित रहकर अपने हर कर्म से सभी को शिक्षा देकर सिखलाते थे। आज के वरदानी दिवस में सबसे बड़ा पुण्य परमात्मा को याद कर स्वयं को परिवर्तन करना है। प्रातःकाल ब्रह्म मूहर्त से ही सभी श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्मा वत्सो ने मौन में रहकर मेडिटेशन रूम(बाबा का कमरा)शांति स्तंभ, पीस ऑडिटोरियम में संगठित रूप से राजयोग मेडिटेशन द्वारा पिता ब्रह्मा बाबा की शिक्षाओं को जीवन में धारण कर स्वयं में परिवर्तन का दृढ़ संकल्प किया।

● ट्विनसिटी के देवी मंदिरों में 27 जनवरी तक विधि-विधान से उपासक करेंगे नियमों का पालन

# देवी मंदिरों में आज से गुप्त नवरात्रि की शुरुआत साधक सिद्धि पाने के लिए मां दुर्गा की करेंगे आराधना

**भिलाई।** हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। शक्ति की साधना के बगैर बाकी देवी-देवताओं की पूजा भी अधूरी मानी जाती है। ऐसे में नवरात्रि अलग-अलग रूप में साल में चार बार आती है। शारदीय और चैत्र के अलावा साल में दो बार गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। शारदीय और चैत्र नवरात्रि में माता रानी की पूजा पूरे 9 दिन धूमधाम के साथ होती है। वहीं गुप्त नवरात्रि में उनकी साधना गुप्त रूप से की जाती है। सालभर चार नवरात्रों का विधान है। इनमें दो को प्रत्यक्ष नवरात्र मनाया जाता है। वहीं दो गुप्त नवरात्र का भी विधान है। इसके चलते देवी मंदिरों में उपासक साधना करते हैं। चारों नवरात्र को सिद्धि प्राप्त करने के लिए मान्य होते हैं। गुप्त नवरात्र को साधना का पर्व भी कहा जाता है। कोहका मंदिर के के पुजारी ऋषभ उपाध्याय और भागवताचार्य ने बताया कि गुप्त नवरात्र में साधक सन्यासी, सिद्धि प्राप्त करने वाले तांत्रिक देवी की उपासना करते हैं। इस बार गुप्त नवरात्र का शुभारंभ 19 जनवरी से होगा, जो 27 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान देवी की दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। जिनका तंत्र शक्तियों और सिद्धियों में विशेष महत्व है। जबकि प्रत्यक्ष नवरात्र में गृहस्थ जीवन व्यतीत करने वाले लोग भी मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करते है।





### पुरोहितों से मनोरथ सिद्धि के लिए कराते हैं पूजा

महाराज ने बताया कि गुप्त नवरात्र में अगर आम जन चाहें तो किसी विशेष इच्छा की पूर्ति या सिद्धि के लिए साधना, उपासना और पाठ करके सिद्धि प्राप्त कर सकते हैं। संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने बताया कि शास्त्रों और पुराणों में भी नवरात्रि पर्व को साधना के लिए श्रेष्ठ बताया गया है। साल में चार नवरात्रियां आती हैं। इनमें दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्रि होती है। आषाढ़ व माघ की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि कहलाती है। गुप्त नवरात्रि को तंत्र साधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्या, जिसे दस माता के रुप में जाना जाता है, उनकी आराधना की जाती है। इसके लिए कई लोग पुरोहितों से भी मनोरथ सिद्धि के लिए पूजा करवाते हैं।

### गुप्त नवरात्रि का महत्व

गुप्त नवरात्रि का संबंध 10 महाविद्या की साधना से जुड़ा है। माघ के महीने में मनाई जाने वाली गुप्त नवरात्रि ठंड के दिनों में होती है। बसंत ऋतु के आगमन के दौरान ही ये पूजा होती है। ये तंत्र-मंत्र और गुप्त सिद्धियों के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा और उनकी 10 महाविद्याओं को पूजने से जिंदगी की बाधाएं खत्म होती हैं और हर मनोकामना की पूर्ति होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दौरान की गई पूजा जितनी गुप्त रखी जाए, वो उतनी ही सफल होती है।

### सुख-शांति, संतान प्राप्ति के लिए होंगे विधि विधान से अनुष्ठान

पं ऋषभ महारज ने इनके नामों का जिक्र करते हुए बताया कि काली, तारा, षोडषी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्तका, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला की आराधना साधकों द्वारा की जाती है। इनकी आराधना से कोर्ट में विजय, संतान सुख, मारण, उच्चाटन, विद्वेषण, मोहन, आकर्षण जैसे कई लाभ प्राप्त होते हैं। राजनीतिक सफलता, पद प्राप्ति एवं कई साधक आत्मसुख की प्राप्ति के लिए भी इनकी अराधना करते हैं। इस साल भी देवी मंदिरों में आराध्य देवी की आराधना करते हुए लोग नवरात्रि के दौरान व्रत नियम का पालन करते हैं। गुप्त नवरात्रि के दौरान 23 जनवरी को वसंत पंचमी पर्व रहेगा। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा उपासक भक्तिभाव से करते हैं।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार माघ माह के गुप्त नवरात्रि की शुरुआत 19 जनवरी से शुरु होगी जिसका समापन 27 जनवरी को है। इस दौरान घट स्थापना के लिए पूजा का शुभ मुहूर्त सोमवार की सुबह 6 बजकर 43 मिनट से लेकर 10 बजकर 24 मिनट तक है। वहीं अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 53 मिनट से शुरू होकर 12 बजकर 36 मिनट तक रहने वाला है।

मोक्ष कल्याणक दिवस

## सोने और चांदी के कलश से तीर्थंकरों का अभिषेक कर किया शांति धारा





**भिलाई।** प्रथम तीर्थंकर देव आदिनाथ ऋषभदेव भगवान के त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में तीर्थंकरों का सोने और चांदी के कलश से अभिषेक और शांति धारा किया गया। भक्तों ने निर्वाण पूजन करते हुए लाडू अर्पण कर विधि-विधान से आरती की। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देव आदिनाथ भगवान, ऋषभदेव भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर में यह आयोजन किया गया। भक्तों ने 1008 आदिनाथ भगवान का मंगल अभिषेक पूरे भक्ति भाव के साथ किया। पंडित के अमृत वचनों से 1008 आदिनाथ भगवान पाषाण की प्रतिमा पर शांति धारा का सौभाग्य प्रदीप, साधना, प्रमोद, आशा, अरुण, सुनीता, अक्षत, दीक्षा जैन ने प्राप्त किया। अष्टधातु की प्रतिमा पर शांति धारा और आदिनाथ भगवान के प्रतिमा के समक्ष सौभाग्य शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, ललिता देवी मनीष सोमेश सुनील बाकलीवाल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर वरुण जैन, सीपी जैन, संजीव जैन, विनोद, विनायक, राकेश कासलीवाल, सिंपी जैन, विकास जैन, मुन्नालाल जैन सहित अन्य मौजूद थे। अमृत वचनों से सैकड़ो भक्तों ने भगवान आदिनाथ की आराधना की। 1008 मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने निर्माण लाडू पूजन करते हुऐ आदिनाथ भगवान और पारसनाथ भगवान, महावीर भगवान की वेदी पर निर्वाण लाड्डू अर्पण किया। कार्यक्रम में डॉ. जिनेंद्र जैन, महावीर, प्रकाश निगोटिया, प्रमोद नहर, अरविंद जैन, विनोद जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

नई दिल्ली के परेड में होंगे शामिल

## 26 जनवरी काशी विश्वनाथ की झांकी संग नजर आएगा छत्तीसगढ़िया समूह



**भिलाई।** अंचल के जाने माने लोकवाद्य संग्राहक और लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय के साथ छत्तीसगढ़िया कलाकारों का समूह इस बार नई दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड में 26 जनवरी को काशी विश्वनाथ मंदिर की झांकी के साथ नजर आएगा। खास बात यह है कि इस बार रिखी क्षत्रिय अपने मूल प्रदेश छत्तीसगढ़ के बजाए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

रिखी और उनका समूह सोमवार को नई दिल्ली इस राष्ट्रीय समारोह के लिए रवाना हो गया। रिखी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन जनसंपर्क विभाग की ओर से तैयार हो रही झांकी में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किए जाने को दर्शाया गया है। जिसमें लोकमाता के इस कार्य के उपरांत आदिवासी समुदाय द्वारा उत्सव मना कर उनका आभार जताने का उल्लेख विशेष रूप से किया जाएगा। रिखी ने बताया कि इस झांकी में उनके साथ कलाकारों का समूह आदिवासी लोकनृत्य करते हुए आगे बढ़ेगा। रिखी क्षत्रिय के साथ जाने वाले कलाकारों में प्रदीप कुमार, संजीव कुमार बैस, पारस रजक, सुनील कुमार, भीमेश सतनामी, वेदप्रकाश देवांगन और प्रमोद शामिल हैं। गौरतलब है कि रिखी क्षत्रिय ने लोक परंपरा से जुड़ी झांकियों का गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय समारोह में विगत दो दशकों में अब तक 11 बार नेतृत्व कर चुके है। उन्हें छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक-कलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने जाना जाता है।

**झांकी में भागीदारी रहेगी छत्तीसगढ़ के लोकवाद्य संग्राहक की**

केंद्रीय विद्यालय में बेहतर और शिक्षित दुनिया बनाने के लिए स्माइल फाउंडेशन का आह्वान

# शिक्षा, संवेदना और संकल्प से समाज में परिवर्तन की पहल बस्तियों के बच्चों और परिवारों के जीवन में आ रहा बदलाव

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर स्माइल फाउंडेशन के सामाजिक योगदान और कार्यों पर केंद्रित एक प्रेरणादायी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। डॉ आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि स्माइल फाउंडेशन भारतीय विकास संगठन है, जो देश के 27 से अधिक राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। संस्था 400 से अधिक सामाजिक विकास परियोजनाओं के माध्यम से दूर-दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले बच्चों और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।





### पुस्तकें हमें सोचने की क्षमता देती है

कार्यक्रम में संतोष खंडूजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आपके एक हाथ में पुस्तक है और दूसरे हाथ में मार्गदर्शन की भूमिका निभाने वाला शिक्षक है, तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को केवल ज्ञानवान नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। पुस्तकें हमें सोचने की क्षमता देती हैं और शिक्षक हमें सही दिशा दिखाते हैं। जब ये दोनों साथ होते हैं, तब विद्यार्थी स्वयं के साथ-साथ समाज के भविष्य को भी संवारते हैं।

### स्वयं के साथ करें बेहतर दुनिया का निर्माण

इस दौरान डॉ. अजय आर्य ने कहा कि वही व्यक्ति वास्तव में सार्थक है, जिसके होने से उसके आसपास की दुनिया बेहतर बनती है और जिसके प्रति समाज में यह विश्वास हो कि उसका जीवन उपयोगी और प्रेरणादायी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हमें इस संकल्प के साथ जीवन जीना चाहिए कि हम स्वयं बेहतर बनें और एक बेहतर दुनिया के निर्माण में योगदान दें।

### बच्चें शिक्षा का पूरा लाभ उठाएं

विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। जब आप बाहर की दुनिया देखेंगे, तो पाएंगे कि बहुत से बच्चे ऐसे हैं जो इन पुस्तकों, विद्यालयों और शिक्षा के अवसरों के लिए तरसते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने इस सौभाग्य को पहचानें, शिक्षा का पूरा लाभ उठाएं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य पुरुषोत्तम साहू ने किया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि फाउंडेशन जैसे संगठन हमें यह सिखाते हैं कि शिक्षा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व के समन्वय से ही एक समावेशी और मानवीय समाज का निर्माण संभव है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में आयोजित यह उद्बोधन विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सामाजिक चेतना और सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में सराहा गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ को फिर राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया तीरंदाजों ने



**रायपुर।** मणिपुर इंफाल में अंडर-19 एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम 14 से 18 जनवरी तक चल रहे हैं। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए महासमुंद की पदमा साहू और राजनांदगांव के रुस्तम साहू की मिक्स टीम की जोड़ी ने महाराष्ट्र और केरल के टीम को हराते हुए ब्रांज मैडल में जीत दर्ज कर इतिहास बना दिया है। यह पहली बार है जब आधुनिक उपकरण कम्पाउंड में छत्तीसगढ़ की मिक्स टीम में रुस्तम साहू और पदमा साहू ने मेडल जीता है। पदमा साहू ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी ब्राऊंश मैडल के साथ कुल 2 मैडल जीते हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारतीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, महासचिव आयुष मुरारका ,राजनांदगांव के कोच हीरु साहू और अन्य ने हर्ष जताया है।

### खेलमंत्री को पेंचाक सिलाट की उपलब्धि बताई खिलाड़ियों ने



**रायपुर।** भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से दूसरे खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन 5 से 10 जनवरी तक दमन एंड दीव में किया गया।प्रतियोगिता में पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट में छत्तीसगढ़ के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें बिलासपुर के शेख अरबाज अली ने कांस्य पदक प्राप्त किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग, महासचिव शेख समीर के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव से खिलाड़ियों ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें स्पर्धा की जानकारी साझा की। साव ने विजेता खिलाड़ी व शामिल सभी खिलाड़ियों का हौसला अफ़ज़ाई करते हुए बेहतर प्रदर्शन पर संघ से जुड़े सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

### एलिट ग्रुप में चल रहे हैं आखिरी राउंड के मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत अंतिम राउंड के दूसरे दिन के खेल में दर्शकों को रोमांचक मैच देखने को मिला। धमतरी में टीम बीएसपी के विरुद्ध बिलासपुर ने एक पारी एवं 65 रन से जीत हासिल कर सात अंक प्राप्त किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के विरुद्ध बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी 261 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीसीए पहली पारी 195 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी एक विकेट पर 37 रन बनाए।

साइंस कॉलेज राजनांदगांव में टीम रायपुर विरुद्ध कांकेर में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर टीम पहली पारी में 467 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कांकेर ने पहली पारी 9 विकेट पर 210 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम रायपुर ब्लू की टीम ने राजनांदगांव के विरुद्ध पहली पारी 191 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव पहली पारी 275 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में रायपुर ने ब्लू दूसरी पारी 4 विकेट पर 117 रन बनाए।

### राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ अंतिम आठ में



**रायपुर।** 51वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी चैम्पियनशिप विजयवाड़ा मे जारी है। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम 8 मे अपना स्थान तय किया है। जहां छत्तीसगढ़ का मुकाबला साईं के टीम से होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, प्रमोद चौधरी, निरंजन सिन्हा, कोमल मरावी, महासचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष सेवाराम साहू, संगठन सचिव ओम प्रकाश देवांगन, संयुक्त सचिव चोखलाल पटेल, लोकनाथ निषाद, राम प्रकाश पटेल और रण शाह मंडावी ने हर्ष जताया है।

ठंड का आपके फेफड़ों पर भी होता है असर


# अस्थमा की समस्या है तो इस मौसम में रहें सचेत,बढ़ सकती हैं आपकी दिक्कतें

सर्दियों का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चे-बुजुर्ग और कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के शिकार लोगों को ठंडक से बचाव करते रहना बहुत जरूरी हो जाता है। गिरता तापमान ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोगों से लेकर सांस की समस्याओं के शिकार लोगों की दिक्कतों को बढ़ाने वाला हो सकता है। यही कारण है कि इस मौसम में लोग अधिक बीमार पड़ते हैं। ऐसे में अगर आपको भी इस तरह की कोई दिक्कत है तो सावधान हो जाने की आवश्यकता है।

सर्दियों का मौसम सांस के रोगियों जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या फिर निमोनिया जैसी बीमारियों के शिकार लोगों के लक्षणों को बढ़ाने वाली हो सकती है। हवा में शुष्की और ठंडक के कारण श्वसन तंत्र की समस्याओं के शुरू होने का भी खतर हो सकता है। आइए जानते हैं कि ठंड का मौसम किस प्रकार से श्वसन समस्याओं के शिकार लोगों के लिए समस्याकारक है और बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है?

#### ठंड के मौसम में अस्थमा की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं,



अस्थमा के शिकार लोगों के लिए ये जानना जरूरी है कि किन चीजों से आपकी समस्या ट्रिगर हो सकती है। पर्यावरणीय एलर्जी, बीमारी या तापमान में परिवर्तन इनमें से प्रमुख है। कई लोग बताते हैं कि सर्दियों के महीनों के दौरान उनके लक्षण बढ़ जाते हैं। मौसम में बदलाव, हवा में शुष्की के कारण आपके वायुमार्ग में जलन हो सकती है, जिसमें वायुमार्ग की परत में सूजन बढ़ने लगती है। यह जलन-सूजन अस्थमा के लक्षणों को बदतर बना देती है। रोगी को सीने में जकड़न, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और घरघराहट जैसी दिक्कतें होने लगती हैं।

#### सर्दियों में बढ़ सकती हैं श्वसन समस्याएं

श्वसन रोग विशेषज्ञ बताते हैं, न केवल अत्यधिक गर्मी और ठंड आपके अस्थमा को ट्रिगर करती है, बल्कि तापमान में अचानक बदलाव के कारण भी दिक्कतों के बढ़ने का खतरा रहता है।

मौसम में बदलाव के अलावा सर्दियों के महीने आमतौर पर श्वसन वायरस में वृद्धि वाले भी होते हैं, जो अस्थमा रोगियों के लिए ट्रिगर होते हैं। इस मौसम में आरएसवी, फ्लू, सामान्य सर्दी और कोविड-19 जैसे संक्रमण के कारण भी अस्थमा पीड़ितों की



समस्या बढ़ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सर्दियों के महीनों के दौरान वायरल संक्रमण 60 से 70% तक अस्थमा के जोखिमों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

#### क्या है डॉक्टर्स की सलाह?

डॉ. सलाह देते हैं कि जब मौसम बदलता है तो अस्थमा या सांस के अन्य रोगियों को अपने पल्मोनोलॉजिस्ट की सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि ठंड से बचाव करते रहें, दवाओं में



लापरवाही न करें। सर्दियों में गर्म कपड़े पहनें, विशेष रूप से मुंह, नाक और सिर के आसपास के हिस्सों को अच्छी तरह से ढक कर रखें। किसी भी जटिलता से बचाव के लिए इनहेलर हमेशा अपने पास रखें।

#### इन बातों का रखें ध्यान

डॉक्टर कहते हैं, सर्दियों के दौरान अस्थमा के ट्रिगर होने का एक कारण इनडोर प्रदूषण भी हो सकता है। न केवल ठंड का मौसम अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिए खतरा है, बल्कि सर्दियों के महीनों में अक्सर घर के अंदर रहना भी इस समस्या को बढ़ा सकता है। अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिए धूल के कण और फफूंदी जैसे इनडोर ट्रिगर भी होते हैं। इससे बचने के लिए कमरे में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था रखें, बहुत देर से हीटर जलाकर न रखें ये भी समस्याकारक हो सकती है।

## सर्द हवाओं में ये सूप बॉडी को रखेंगे गर्म

सर्दियों में सूप पीना अच्छा लगता है, इसलिए हम रोजाना कुछ ना कुछ ट्राई करते हैं। ऐसे में अगर आप डिफरेंट रेसिपी तलाश रहे हैं, तो इन्हें जरूर आजमाइए।



#### मनचाव सूप

वैसे तो सूप की बहुत सारी वैरायटी मौजूद है, जिसे हम अपनी पसंद के हिसाब से ट्राई कर सकते हैं।आपको मनचाव सूप ट्राई करना चाहिए, इसकी रेसिपी हम आपके साथ साझा कर रहे हैं। बता दें मनचाव सूप न सिर्फ अच्छा होता है, बल्कि बनाने में भी आसान है। सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्रियों को निकालकर रखें। फिर तमाम सब्जियों के छिलके उतारकर अच्छी तरह से धो लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब एक गैस पर पैन गर्म करने के लिए रखें और सभी सब्जियों को डालकर हल्का फ्राई करें। लगातार चलाते रहें और पानी डालकर थोड़ी देर के लिए रख दें। फिर इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, सॉस और सभी सामग्रियों को डाल दें। पकाकर अच्छी तरह से चलाएं और पानी डालकर नमक डाल दें। अब ऊपर से सभी सामग्रियों को डालें और अच्छी तरह से उबालकर गाढ़ा करें। बस आपका सूप बनकर तैयार है।

#### टमाटर का सूप

सबसे पहले टमाटर धोकर बड़े-बड़े टुकड़ों में काट लें। अब एक बर्तन में दो कप पानी डालें और हल्की आंच पर उबाल लें। पीनी उबालने के बाद टमाटर डालकर लगातार चलाते हुए पकाएं। जब टमाटर अच्छी तरह नर्म होकर पक जाएं, यानी पानी गाढ़ा हो जाए तो गैस बंद कर दें। अगर आपको जल्दी है तो फिर आप कुकर में पानी और टमाटर डालकर दो सीटी लगा लें। आपका काम बहुत आसान हो जाएगा। टमाटर को निकालकर ठंडे पानी में डालें और फिर छिलका उतार लें। अगर टमाटर ज्यादा पक गए हैं, तो छलनी से छानकर अलग बाउल में रख दें। इसके बाद अच्छी तरह पीस लें और अगर सूप गाढ़ा है तो पानी डाल दें। पानी डालने के बाद गैस पर रखें और एक उबाल आने पर सूप में चीनी, मक्खन, काला नमक,काली मिर्च पाउडरऔर नमक मिलाकर 7 से 8 मिनट तक पकाकर आंच बंद कर दें।

#### ब्रोकोली और व्हाइट चॉकलेट सूप

ज्यादातर लोग अपनी प्लेट पर ब्रोकोली देखकर अपनी नाक भौं सिकोड़ लेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं ब्रोकोली से हम आपके लिए स्वादिष्ट सूप तैयार कर सकते हैं। इसका स्वाद ऐसा है कि आप बार-बार बनाना पसंद करेंगे। सूप बनाने के लिए सबसे पहले गैस पर कुकर को धोकर रख दें। फिर इसमें एक चम्मच बटर डालें और प्याज डालकर हल्की आंच पर लगातार चलाएं। फिर लहसुन को डालें और खुशबू आने के बाद लौकी और ब्रोकोली डालें और सभी मसाले डालकर लगातार चलाते रहें।

## घर में आते ही होने लगती है टेंशन, कहीं ये वास्तु दोष तो नहीं



ऐसा कई बार होता है कि घर में घुसते ही हमें टेंशन होने लगती है। इसके पीछे कई बार कुछ वास्तुदोष भी जिम्मेदार हो सकते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए घर दुनिया में सबसे अधिक रिलैक्सिंग प्लेस होता है। आप पूरा दिन चाहे जितना घूमें, लेकिन जब आप घर जाते हैं तो आपको बेहद ही सुकून महसूस होता है। घर में घुसते ही आधी थकान तो यूं ही गायब हो जाती है। लेकिन कुछ लोगों के साथ ऐसा भी होता है कि उन्हें घर में घुसते ही एक अजीब सी टेंशन होने लगती है।

जैसे ही वे घर के अंदर आते हैं, उन्हें एक अजीब सी नेगेटिविटी का अहसास होता है और ऐसे में उनका घर के अंदर रुकने का मन ही नहीं करता है। अगर वे घर के अंदर रहते भी हैं तो भी उन्हें एक अजीब सा स्ट्रेस होने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हो रहा है तो यह घर के वास्तुदोष के कारण हो सकता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ। आनंद भारद्वाज आपको ऐसे कुछ वास्तुदोष के बारे में ही बता रहे हैं, जो घर में घुसते ही आपके मन में टेंशन का कारण बन सकते हैं-

#### बहुत अधिक अंधेरा होना

अगर आपके घर में घुसते ही एंट्रेस पर बहुत अधिक अंधेरा है तो यह एक तरह की नेगेटिविटी क्रिएट करता है। इससे व्यक्ति का मन घर के अंदर आने का करता ही नहीं है। वह वापिस घर से बाहर जाना चाहता है। यह उसे एक अजीब तरह ही टेंशन देता है। इतना ही नहीं, घर की एंट्रेस की दीवारों पर सीलन या चटका हुआ प्लास्टर भी बिल्कुल अच्छा नहीं माना जाता है।



## गतका में जलवा दिखा रहे विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी

**रायपुर।** राजधानी के सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में चल रही 69वीं राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता (बालक बालिका) 17 वर्ष आयु वर्ग में खिलाड़ियों के बीच रविवार को शानदार कशमकश देखने को मिली। सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ इस प्रतियोगिता में आज मैच की संख्या को देखते हुए दो मैदान बनाए गए जिसमें एक इनडोर हॉल और दूसरा आउटडोर में बनाया गया। बालक बालिका वर्ग में प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें इवेंट और विजेताओं के नाम जारी किए गए।

#### फर्री सोटी (व्यक्तिगत ) बालक वर्ग

आंध्र प्रदेश के खुशबू गणेश ने तेलंगाना के जसराज को 6/5 से हराया। पंजाब के बलराज ने झारखंड के शौर्य को 18/7 से व गुजरात व सीबीएससी के मध्य बाई हुआ। जिसमें गुजरात के कुलदीप आगे बढ़े वहीं जम्मू कश्मीर के प्रभजोत ने चंडीगढ़ के जगजीत को 18/12 से हराया मध्य प्रदेश के प्रेकत ने विद्या भारती के देवराज को 23/16, से वह बिहार के आकाश में तमिलनाडु के रोहित को 20/7 से हराया और छत्तीसगढ़ के गुरदास ने उत्तर प्रदेश के आर्यन को 34/18 से हराया। दिल्ली को आखिरी मैच में बाय मिला। यह सभी प्रथम राउंड के मैच थे। इसी वर्ग के रविवार को हुए सेमीफाइनल में



पंजाब के बलराज ने जम्मू कश्मीर के प्रभजोत को 20-15 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली के आकाश ने बिहार के मेहप्रीत को 16/8 से हराया। फाइनल मैच पंजाब और दिल्ली के मध्य खेला गया जिसमें पंजाब के मेहप्रीत ने दिल्ली के बलराज को 17/10 से हराया

#### बालिका वर्ग, सिंगल सोटी (व्यक्तिगत स्पर्धा)

क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ और जम्मू कश्मीर के बीच हुए मैच में चंडीगढ़ की हरमनप्रीत ने नवप्रीत को हरा विजेता रही स्कोर 44/11 है। वहीं छत्तीसगढ़ की नीतू ने तमिलनाडु की धन्या को 32/19 से हराया। दिल्ली के मैहप्रीत ने सीबीएसई के वि। कृष्ण को 24/ 12 से हराया, वहीं पंजाब की तमन्ना ने मध्यप्रदेश की त्रिशा को 34/6 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसी वर्ग में प्रथम सेमीफाइनल चंडीगढ़ के हरमन और छत्तीसगढ़ के नीतू के बीच हुआ जिसमें नीतू ने 35-21 से हरमन को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

#### बालिका सिंगल सोटी टीम इवेंट

छत्तीसगढ़ से रोशनी हर्षित और नीतू ने दिल्ली के डेजी मनप्रीत और मैंह्प्रीत को 91/43 से हराया और फाइनल में जगह पक्की की। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब और तमिलनाडु के बीच मुकाबले में पंजाब की तरफ से तमन्ना हरलीन और रुसलिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु के मुहील, मोनिका और धन्यश्री को 112/33 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। इसी वर्ग का फाइनल में छत्तीसगढ़ और पंजाब के बीच खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की ओर से रोशनी हर्षित और नीतू को पंजाब के तमन्ना हरलीन और रसलिन से 100/51 के अंतर से हारकर उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ और पंजाब को विजेता होने का गौरव मिला।



कार्नर न्यूज

नियमित योग से आप मात दे सकते हैं उम्र को

# उम्र से छोटा दिखने की चाहते है तो आपके काम आ सकते हैं ये योगासन, रोजाना करें 10 मिनट

.रोजाना योगासन करने से न सिर्फ हेल्थ अच्छी रहती है, बल्कि त्वचा को टाइट और रिंकल फ्री रखने में भी मदद मिलती है। अगर आप भी बढ़ती उम्र में जवां और खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो इन योगासनों को जरूर करें।

सभी को जवां और खूबसूरत दिखने की चाह होती है। फिर भी, तनाव, अनहेल्दी लाइफस्टाइल और प्रदूषण के कारण त्वचा समय से पहले बूढ़ी दिखने लगती है। उम्र बढ़ने का असर न केवल हमारी बाहरी सुंदरता पर पड़ता है, बल्कि सेहत पर भी पड़ता है। यदि आप 30 या 40 की उम्र में फिट और जवां बने रहने के लिए कोई उपाय खोज रहे हैं, तो योगासन आपकी मदद कर सकते हैं। जवां दिखने वाले योगासनों के बारे में हमें अक्षर योग संस्थान, हिमालय योग आश्रम, विश्व योग संगठन के संस्थापक, योग और आध्यात्मिक नेता हिमालयन सिद्ध अक्षर बता रहे हैं।

एक्सपर्ट का कहना है, "इस आसन को करने से चेहरे और सिर में ब्लड का फ बढ़ता है। यह पिंपल्स, झाइयों और झुर्रियों जैसी त्वचा संबंधी समस्याओं को ठीक कर सकता है। उम्र बढ़ने के कारण लचीलापन कम हो जाता है,







लेकिन योगासन बढ़ती उम्र में लचीलेपन की कमी को धीमा कर देता है और यहां तक कि इसमें सुधार भी करता है। इससे फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, इम्यूनिटी मजबूत होती है और तनाव कम होता है, जिससे चेहरे पर ग्लो आता है और बाल लंबे और घने होते हैं।"

**अधोमुख श्वानासन:** वज्रासन में बैठ जाएं।पैर की उंगलियों को मोड़ें। फिर हिप्स को ऊपर की ओर उठाएं। घुटनों को सीधा करें। दोनों हाथों को जमीन पर रखें। हाथों की उंगलियां फैली होनी चाहिए। कुछ देर इस मुद्रा में रहें।

**वज्रासन:** घुटनों को चटाई पर टिकाएं। पैर की उंगलियों को बाहर की ओर रखते हुए एड़ियों पर बैठें। हथेलियां घुटनों पर रखें। कुछ देर इस मुद्रा में रहें। फिर पहली पोजिशन में वापस आ जाएं।

**पादहस्तासन:** इसे करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं। फिर सांस छोड़ें और सिर को नीचे करते हुए शरीर की ऊपरी हिस्से को झुकाएं। हथेलियों को पैरों के पास रखें। माथे को पैरों से छूने की कोशिश करें। कंधों और गर्दन को ढीला रखें। कुछ देर ऐसे ही रहें।

**बालासन:** एड़ियों को एक साथ लाते हुए चटाई पर घुटने टेकें। सांस लें और बाजुओं को ऊपर उठाएं। फिर सांस छोड़ें। ऊपरी शरीर को नीचे लाएं। माथा फर्श पर टिकाएं। पेल्विक को एड़ी पर टिकाएं। कुछ देर इस पोजिशन में रहें।

**पश्चिमोत्तानासन:** घुटनों को थोड़ा मोड़कर दंडासन से शुरुआत करें। कूल्हों से आगे की ओर झुकते हुए, पैर की उंगलियों को पकड़ते हुए सांस छोड़ें। पैर को पकड़कर घुटनों को नाक से छूने का लक्ष्य रखें। कुछ देर इस पोजिशन में रहें।

**हलासन:** बिस्तर पर लेट जाएं। पैरों को ऊपर उठाएं। हाथों से हिप्स को पकड़ें और ऊपर की ओर करें। फिर पैरों को सिर के पीछे लेकर जाएं। अगर कमर दर्द, गर्दन में दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो तो इस योगासन को करने से बचें।

लाइफ स्टाइल

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वर्ल्ड टूर पर निकलेगा बीटीएस के-पॉप ग्रुप, दुनियाभर के शहरों में देंगे परफॉर्मेंस



मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस जल्द ही वर्ल्ड टूर पर निकलने वाला है। यह दुनियाभर के कई देशों में परफॉर्म करेगा। हालांकि इसके शेड्यूल में भारत का नाम नहीं है।

दुनियाभर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस इस साल अप्रैल में अपने एल्बम के रिलीज होने के बाद एक बड़े वर्ल्ड टूर पर निकलेगा। इस ग्रुप में आरएम, जिन, सुगा, जे-होप, जिमिन, वी एंड जुंगकोक हैं। अपने दौरे के दौरान ये ग्रुप टोक्यो, बुसान, लास वेगास, लंदन, टोरोंटो, शिकागो, बैंकॉक और कुआलालंपुर में परफॉर्म करेगा। ग्रुप के टूर मार्च 2027 तक होंगे। उम्मीद की जा रही थी ग्रुप का टूर भारत में होगा। हालांकि उनके शेड्यूल में भारत का नाम नहीं है। उम्मीद है कि यह ग्रुप भविष्य में जिन शहरों में परफॉर्म करेगा, उनकी घोषणा करेगा। हो सकता है कि भारत का नाम भी इसमें हो। पिछले तीन वर्षों में, ग्रुप के सदस्य एक ब्रेक पर थे, क्योंकि उन्होंने साउथ कोरिया में अपनी जरूरी मिलिट्री सर्विस पूरी करनी थी। इसके बाद एल्बम और कॉन्सर्ट जैसे सोलो प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जुलाई 2025 में, एक लाइव ब्रॉडकास्ट पर, ग्रुप ने 2022 के बाद पहली बार पब्लिक में आकर बताया कि वे फिर से एक साथ आएंगे और मिलकर म्यूजिक पर काम करेंगे। तब से फैंस उनके म्यूजिक रीयूनियन की खबरों का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस महीने की शुरुआत में, बीटीएस ने अपने पांचवें फुल लेंथ एल्बम के साथ वापसी की घोषणा की। यह एल्बम 20 मार्च 2026 को रिलीज होने वाला है और इस एल्बम के सपोर्ट में एक बड़ा वर्ल्ड टूर भी होगा। पांच बार ग्रैमी में नामांकन हासिल कर चुके बीटीएस ने पिछले दशक में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है।

### टॉलीवुड

## लंबा हुआ प्रभास के फैंस का इंतजार, अब मार्च में होंगे दीदार



संदीप रेड्डी वांगा की प्रभास स्टारर फिल्म 'स्पिरिट' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। नए साल के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी करके फैंस को चौंका दिया था। इसके बाद से ही फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टी-सीरीज की ओर से 'स्पिरिट' को लेकर आज एक पोस्ट किया गया। इस पोस्ट में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है। मेकर्स ने स्पष्ट कर दिया कि 'स्पिरिट' 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जाहिर की इस रिलीज डेट के सामने आने के बाद इस साल फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस को थोड़ा झटका जरूर लगा है। 1 जनवरी को नए साल के मौके पर मेकर्स द्वारा फिल्म का फर्स्ट लुक जारी करने के बाद फैंस को उम्मीद जगी थी कि फिल्म इसी साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। लेकिन आज मेकर्स ने ये स्पष्ट कर दिया कि अभी फिल्म के लिए एक साल से भी ज्यादा का इंतजार करना पड़ेगा। 1 जनवरी को नए साल के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया था। इसमें प्रभास और तृप्ति साथ में नजर आए थे। इसमें प्रभास शर्टलेस होकर दूसरी तरफ मुंह करे खड़े हुए हैं। उनकी पीठ पर कई जगह पट्टी बंधी हुई है और चोट के निशान नजर आ रहे हैं। बड़े बाल, आंखों पर चश्मा और मुंह में सिगरेट लगाए हुए प्रभास का साइड लुक भी काफी दमदार लग रहा है। जबकि तृप्ति लाइटर लिए प्रभास की सिगरेट जला रही हैं। दोनों का ये फर्स्ट लुक काफी वायरल हुआ था। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में पहले प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण नजर आने वाली थीं। लेकिन 8 घंटे काम की शिफ्ट को लेकर रखी गई मांग के चलते दीपिका इस फिल्म से बाहर हो गईं।

### भोजपुरी

## 'साजन का घर प्यारा लगे' का हुआ मुहूर्त पारिवारिक कहानी लुभाएगी दर्शकों को




पटना के किदवईपुरी में एक भव्य समारोह के दौरान आगामी फीचर फिल्म 'साजन का घर प्यारा लगे' का मुहूर्त विधि-विधान के साथ हुआ। निर्माता डॉ. एन होडा और कमरुल खान की इस फिल्म का निर्देशन युवा निर्देशक अभिषेक तिवारी कर रहे हैं। मुहूर्त के दौरान निर्देशक अभिषेक तिवारी ने फिल्म की कहानी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सिनेमा आम ढर्रे से हटकर होगा। उन्होंने कहा, ₹यह फिल्म मुख्य रूप से दो महिलाओं की कहानी है। इसमें रिश्तों की अहमियत, विश्वास और अपनों के बीच पनपते दुराव (अलगाव) की भावना के द्वंद्व को बेहद संजीदगी से दिखाया जाएगा। यह एक ऐसी फिल्म होगी जिससे हर परिवार जुड़ाव महसूस करेगा।₹फिल्म के निर्माताओं ने जानकारी दी कि 'साजन का घर प्यारा लगे' की शूटिंग आगामी 15 मार्च से शुरू की जाएगी। फिल्म को विजुअली रिच बनाने के लिए इसकी शूटिंग बिहार के ऐतिहासिक स्थलों गया और बोधगया के अलावा राज्य के विभिन्न खूबसूरत लोकेशन्स पर की जाएगी। मुहूर्त के इस शुभ अवसर पर फिल्म जगत, साहित्य और मीडिया से जुड़ी कई मशहूर हस्तियां मौजूद रहीं और उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथियों में प्रोफेसर जय देव, निर्देशक प्रशांत रंजन, लेखक-निर्देशक कुमार सरोज, लेखक-निर्देशक रितेश परमार, अभिनेत्री माही खान, अभिनेता सुजीत सुगना, अभिनेता शुभम दुबे, समाचार प्रस्तोता हर्ष चौधरी, निर्माता सुबीर कुमार और यशवंत कुमार शामिल थे।



'आग' लगाता लाल

यूरोपियन फैशन शो में मॉडल रनवे पर स्प्रिंग समर फैशन कलर ट्रेंड्स पहन रही हैं। यहां फायर इंजन रेड आत्मविश्वास बढ़ाने वाला सबसे अच्छा शेड है। इसने चैनल और स्टेला मैककार्टनी के कैटवॉक पर धूम मचा दी है। यह बोल्ड है, यह स्टेटमेंट बनाने वाला है, और, लिसा के अनुसार, यह डरावना नहीं लगना चाहिए। लिसा का मानना है कि बोल्ड रंग डरावने नहीं लगने चाहिए।

# चेहरे पर नहीं नजर आएंगी झुर्रियां जब इस फूल की पत्तियों का करेंगी इस्तेमाल

चेहरे पर जब झुर्रियां नजर आने लगती हैं तो इससे हमारा कॉन्फिडेंस लो हो जाता है। इसलिए आपको समय रहते इसको सही करने का नुस्खा ट्राई करना चाहिए। आप चाहे तो गुलाब की पत्तियों से फेस पैक तैयार (स्किन केयर रूटीन) कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको गुलाब की पत्तियों को तोड़कर पानी से साफ कर लें। अब इसे एक मिक्सी में 1 चम्मच एलोवेरा जेल डालकर अच्छे से पीस लें। इसके बाद छलनी की मदद से छान लें। फिर जो इसमें से थीक पेस्ट निकलेगा उसे चेहरे पर लगाएं। करीब 30 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से चेहरे को साफ कर लें। इस तरीके से आपका चेहरा साफ हो जाएगा, साथ ही झुर्रियों की समस्या दूर हो जाएगी। अगर आपको झुर्रियों को कम करना है तो इसके लिए गुलाब (स्किन केयर टिप्स) की पत्तियों से टोनर तैयार करें। इसे बनाने के लिए पत्तियों को अच्छे से पीस लें और इसका पानी अलग



कर लें। चेहरे की झुर्रियों को कम करने और त्वचा को जवां बनाए रखने के लिए गुलाब की पत्तियां (गुलाब जल, पंखुड़ियों का पाउडर) बहुत फायदेमंद हैं, क्योंकि इनमें विटामिन सी और ए जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कोलेजन बढ़ाते हैं, त्वचा को नमी देते हैं और कसाव लाते हैं, जिससे झुर्रियां और फाइन लाइन्स कम होती हैं; आप इन्हें फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में बेसन, मुल्तानी मिट्टी, ग्लिसरीन के साथ मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं.

### गुलाब की पत्तियों के फायदे

एंटी-एजिंगः विटामिन ए और सी से भरपूर होने के कारण ये झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करती हैं और कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देती हैं। त्वचा को टाइट करेः त्वचा को कसाव देकर युवा बनाए रखने में मदद करती हैं। ठंडक और फ्रेशनेसः त्वचा को तुरंत ठंडक और ताजगी देती हैं। दाग-धब्बे हटाएः दाग-धब्बे, टैनिंग और पिगमेंटेशन को कम करती हैं। प्राकृतिक टोनरः गुलाब जल प्राकृतिक टोनर के रूप में त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करता है।

गुलाब पत्ती फेस पैकः सूखी गुलाब की पंखुड़ियों का पाउडर, बेसन और मिल्क पाउडर मिलाकर फेस वॉश या पैक बनाएं।

# देसी लुक को बनाना है खास तो चुनें स्टाइलिश डिजाइंस




स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको बॉडी टाइप और लुक के अनुसार ही ब्लाउज को चुनना चाहिए। साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ कई तरह के ब्लाउज को पहना जाता है और इसमें आपको कई रेडीमेड डिजाइंस भी देखने को मिल जाएंगे। वहीं हम अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए फंक्शन के हिसाब से ब्लाउज को चुनते हैं। खासकर हल्दी लुक के लिए कई बार हम ब्लाउज चुनते समय काफी कंफ्यूज हो जाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं हल्दी लुक को खास बनाने के ब्लाउज के ये स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के ये आसान टिप्स-



### क्रॉप टॉप स्टाइल ब्लाउज डिजाइन

धोती स्टाइल लुक को हल्दी फंक्शन में कैरी करने का सोच रही हैं तो इस तरीके से आप क्रॉप टॉप स्टाइल ब्लाउज को पहन सकती हैं। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप दुपट्टे की जगह श्रृग या केप स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो ब्लाउज के लिए बैकलेस डिजाइंस को चुनें। आप चाहे तो इस तरह के ब्लाउज में लेस वर्क करवा सकती हैं।



### प्लेन ब्लाउज डिजाइन

इस तरह का ब्लाउज आप हैवी वर्क वाली साड़ी या लहंगा स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। इस लुक के साथ आप कोशिश करें कि ज्वेलरी को हैवी डिजाइन की चुनें। ऐसा करने से आपका लुक स्टाइलिश और हल्दी लुक के लिए परफेक्ट नजर आएगा। बालों के लिए फ्रंट ब्रेड हेयर स्टाइल करें। इस तरह के ब्लाउज को सिलवाने के लिए आप साटन का फैब्रिक चुन सकती हैं।

### मिरर वर्क ब्लाउज डिजाइन

हल्दी लुक में सबसे ज्यादा मिरर वर्क के डिजाइन वाले ब्लाउज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। बोल्ड लुक पाने के लिए आप बैक के डिजाइन के लिए डोरी लगवाकर इसमें लटकन स्टाइल कर सकती हैं।

# गुलाब की तरह सुर्ख हो सकते हैं आपके होंठ



होंठों की त्वचा बहुत ज्यादा नाजुक और पतली होती है। आपकी जरा-सी लापरवाही या अन्य किसी भी फैक्टर के कारण होंठ सूखने और फटने लगते हैं। यदि आप होंठों पर बार-बार जीभ लगाते हैं या फिर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते, तो भी होंठ फटते हैं। नारियल का तेल आपके फटे हुए होंठों का इलाज कर सकता है। इसके लिए पहले कच्ची हल्दी को आंच में सेक लें और फिर उसे एक कटोरी में कद्दूकस कर लें। नारियल के तेल को गुनगुना करें और इसे हल्दी में डालकर मिला लें। इसके बाद तेल में शहद और एलोवेरा जेल मिलाकर मिक्स करें। इस लिप मास्क को एक गिलास कंटेनर में स्टोर करके फ्रिज में रख सकते हैं। सबसे पहले एक कटोरी में चीनी और नींबू का रस डालकर स्क्रब बनाएं। अपने होंठों पर यह स्क्रब लगाकर हल्के हाथों से 1 मिनट रगड़ें और फिर टिश्यू से साफ कर लें। यदि होंठ ज्यादा फटे हैं, तो बहुत तेज स्क्रब करने से बचें। इसके बाद लिप मास्क को अपने होंठों पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। गुनगुने पानी में साफ कपड़ा भिगोएं और निचोड़ लें। उससे होंठों को साफ कर लें। इस मास्क को हर दूसरे दिन अपने होंठों पर लगाकर अच्छे रिजल्ट पाएं।

# फिश कट लहंगा अपनाएं दुपट्टे के साथ, निखरेगा लुक



शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में हर कोई अपने लिए लेटेस्ट डिजाइन के कपड़ों की शॉपिंग कर रहा है। किसी को डिजाइनर साड़ी पहनने का मन है तो कोई लेटेस्ट डिजाइन के लहंगा वियर करना चाहता है। आजकल लहंगा डिजाइन में सबसे ज्यादा ट्रेंड में है फिश कट लहंगा। ये दिखने में काफी स्टाइलिश होता है और बिना दुपट्टे के आप इसे आसानी से वियर कर सकती हैं। लेकिन अगर आपको दुपट्टा लेना जरूरी है तो यहां बताए गए हैक्स आपको ट्राई करने चाहिए ताकि आप दुपट्टा भी पहन सके और लुक भी खराब न हो।

### कैप स्टाइल में दुपट्टा करें ड्रेप

अगर आपको फिश कट लहंगा में दुपट्टा स्टाइल करना है तो इसे आप कैप स्टाइल में ड्रेप कर सकती हैं। ये श्रग जैसे लुक देगा। इसके लिए आपको दुपट्टे को पीछे कंधे पर पिन की मदद से सेट करना है। अब जो आगे कॉनर दिए गए हैं उन्हें हाथों के बीच में से निकालकर सेट करना है। इस तरीके से कैप स्टाइल दुपट्टा आप फिश कट लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### प्री ड्रेप साड़ी स्टाइल में करें वियर

फिश कट लहंगा वियर करने के बाद आपकी बॉडी शेप काफी अच्छी (पल्लू बनाने का तरीका) लगती है। ऐसे में आप इसे छुपाने की बजाए प्री ड्रेप साड़ी की तरीके से दुपट्टा स्टाइल करके हाईलाइट कर सकती हैं। इसके लिए आपको जैसे पल्लू की प्लीट्स बनाते हैं वैसे इसे पिन करना है। फिर इसे पीछे कमर पर टक करना है। अब इसे खुला छोड़ने की बजाए प्लीट्स बनाकर पिन की मदद से पिन करना है ताकि ये आपके पूरे लुक को खराब न करें। इस तरीके से आप दुपट्टे को ड्रेप कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

कुछ नया करना तो ये आउटफिट आपके काम के हैं

# स्टाइल चाहते हैं तो अपनाइए आउटफिट कॉम्बिनेशन इन्हें पहनकर आप भी दिखा सकते हैं अपना जलवा

जनवरी माह समाप्ति की ओर है और आगे फरवरी है। ऐसे में वेलेंटाइन वीक का यूथ को इंतजार रहता है। प्यार करने वाले तोहफा खरीदने से लेकर खुद को तैयार करने में व्यस्त हो जाते हैं। क्योंकि ऐसे मौसम में खुद को स्टाइलिश कौन नहीं बनाना चाहेगा। ऐसे बहुत से लड़के हैं, जो अपनी स्टाइल के साथ कुछ नया करना चाह रहे होंगे! इनकी मदद से अपने आप को स्टाइलिश बना सकते हैं।

### ब्लेजर, सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज

अभी सर्दी पूरी तरह गई नहीं है। इसलिए स्टाइल के साथ-साथ ठंड से भी बचना जरूरी है। आपका ऐसे वक्त में लेयरिंग करना सही साबित हो सकता है। इससे आपका लुक निखरेगा और सर्दी से भी बच सकते हैं। आपको इसके लिए बस इन तीन चीजों को पहनना होगा। ब्लेजर, सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज को पहनें। इसके लिए ध्यान रखें कि ब्लेजर और पैंट की मैचिंग परफेक्ट हो। इसके साथ कोई सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज पहन सकते हैं।



इसके साथ मेटल चेन भी अच्छी लगेगी।

### हूडीज, जींस और व्हाइट स्नीकर

अगर आपको फंकी लुक अच्छा लगता है तो इस तरह के गेटअप में जाएं। ये परफेक्ट लुक देने के लिए काफी है। हूडीज, जींस और व्हाइट स्नीकर को पहनकर भी डेट पर जा सकते हैं। मगर ध्यान रखें कि कलर बहुत चटख नहीं होना चाहिए। क्योंकि वैसे रंग के कपड़ों को पहनकर डेट पर जाना सही नहीं माना जाता है।

### चिनोज, शर्ट और लोफर

अगर आप जींस, शर्ट और स्नीकर नहीं पहनना चाहते हैं तो ये आउटफिट कॉम्बिनेशन सही रहेगा। इस तरह के लुक में आप बहुत स्टाइलिश नजर आएंगे। बस आपकी मैचिंग सही होनी चाहिए। तब जाकर परफेक्ट लुक मिल सकता है। चिनोज, शर्ट और लोफर पर पर्सनैलिटी निखरकर आती है। आप इस ड्रेस में बेहद अट्रैक्टिव और कूल दिखेंगे। अगर आपको ऐसा लुक चाहिए तो फिर इस तरह से अपने वार्डरोब को रिफ्रेश करें।

### कैजुअल पैंट, टी-शर्ट और स्नीकर्स

अगर आपको अधिक कपड़े पहनने पसंद नहीं हैं तो ऐसे में क्या करें। इसके लिए आपको कैजुअल पैंट, टी-शर्ट और स्नीकर्स कैरी करना चाहिए। इस तरह के लुक में भी डेट पर जा सकते हैं। हां, मगर इस तरह के ड्रेस को पूरे आत्मविश्वास के साथ पहनें। ऐसे आउटफिट के साथ अपनी कलाई को सूनी न रखें। एक स्पोर्ट वॉच या लेदर बेल्ट वॉच पहन सकते हैं।

### जींस, टी-शर्ट, डेनिम जैकेट और स्नीकर्स

अगर चटख कलर को भी पहनना है तो इस तरह से कैरी करें। जैसे कि यहां पर विकी कौशल ने किया है। सिंपल जींस, सॉलिड टी-शर्ट और मस्टर्ड कलर की जैकेट पहनें। इसमें आप क्या गजब के दिखेंगे। वाकई इस लुक में आपको देखकर देखने वाला इंप्रेश हो सकता है। यहां पर बताए गए आउटफिट कॉम्बिनेशन उन पुरुषों के लिए हैं जो वेलेंटाइन डे पर डेट के लिए जाना चाहते हैं।

